राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 74
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 12 फरवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 क्रू -शिप कंपनियों में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले
पेज 4 कोई भी बच्चा अधिकारों से वंचित नहीं रहेगा, अब मिल सकेगा
पेज 6 अभिषेक शर्मा को अस्पताल से मिली छुट्टी

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने दिल्ली में पीएम मोदी और शाह से भेंट की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने मुंबई स्थित मंत्रालय में अपना पदभार संभालने के एक दिन बाद बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।31 जनवरी को राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाली सुनेत्रा पवार मोदी से मुलाकात के दौरान अपने बेटों पार्थ और जय, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और पार्टी के लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे के साथ थीं। राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार ने संसद का भी दौरा किया, जहां बजट सत्र चल रहा है।

### दसवीं के छात्र को 100 उठक-बैठक कराई, हालत बिगड़ने पर अस्पताल रेफर

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शारीरिक दंड का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि पिछले महीने दसवीं कक्षा के एक छात्र को सजा के रूप में 100 बार उठक-बैठक करने के लिए कहा गया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी तबीयत बिगड़ गई। छात्र को चलने-फिरने में कठिनाई हो रही है और वर्तमान में उसकी फिजियोथैरेपी चल रही है। उसे रायपुर के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने शिक्षिकाओं को नोटिस भेजा है, उनके जवाब मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम, सभी 6 पैरा गाना जरूरी

### स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई; सिनेमाघरों को छूट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। न्यूज एजेंस के मुताबिक, आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।



हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है। नई गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा।

मंत्रियों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मौजूदगी वाले गैर-औपचारिक लेकिन जरूरी कार्यक्रमों में भी राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, बशर्ते इसे पूरा सम्मान और शिष्टाचार के साथ पेश किया जाए। 10 पेजों के आदेश में, सिविलियन पुरस्कार समारोहों, जैसे कि पद्म पुरस्कार समारोह या ऐसे किसी भी कार्यक्रम में जहां राष्ट्रपति उपस्थित हों, वहां भी वन्दे मातरम बजाया जाएगा।

### सिनेमा हॉल में लागू नहीं होंगे नए नियम

हालांकि, सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले 'वंदे मातरम' बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा। वहीं अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना जरूरी नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी स्थिति में खड़े होने से प्रदर्शन में व्यवधान और अव्यवस्था हो सकती है। मंत्रालय ने कहा है कि अब से राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण ही गाया या बजाया जाएगा और इसे सामूहिक गायन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-वांगचुक ने भाषणों में हिंसा पर चिंता जताई

### इसमें उकसावा कहां; सरकार ने कहा था- सोनम लद्दाख को नेपाल बनाना चाहते थे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सोनम वांगचुक की हृस्न के तहत हिरासत पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि क्या उनके भाषण और सोशल मीडिया पोस्ट सच में भड़काऊ थे। अदालत ने यह भी सवाल किया कि इन बयानों का 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा से सीधा संबंध कैसे जुड़ता है।

केंद्र की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि वांगचुक के भाषणों से युवा भड़के और हिंसा हुई। उन्होंने दावा किया कि वांगचुक ने नेपाल जैसे हालात बनने की चेतावनी देकर लोगों को उकसाया।

इस पर कोर्ट ने पूछा कि भाषण में ऐसा कहां है। वह तो कह रहे हैं कि कुछ युवाओं ने यह रास्ता अपना लिया है और वह खुद हैरान हैं। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा कि भाषण पढ़ने से लगता है वांगचुक हिंसा का समर्थन नहीं कर रहे, बल्कि उसे लेकर चिंता जता रहे हैं।

सरकार ने 2 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं।



### हरियाणा में आज 10 ट्रेड यूनियन की हड़ताल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 10 ट्रेड यूनियन की आज (12 फरवरी) एक दिन की स्ट्राइक की कॉल है। हड़ताल को लेकर सरकार भी अलर्ट मोड में है। सबसे ज्यादा जोर रोडवेज बसों का चक्का जाम टालने पर लगाया गया है। इसके लिए बस अड्डों पर धारा 163 लागू कर दी गई है। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ने नो वर्क- नो वेज नियम लागू किया है। 12 फरवरी को किसी भी कर्मचारी को सामान्य परिस्थितियों में किसी प्रकार की छुट्टी नहीं दी जाएगी। सिर्फ इमरजेंसी में ही सक्षम अधिकारी छुट्टी मंजूर करेंगे। उधर, मिड डे मील वर्करों के हड़ताल में शामिल होने की संभावनाओं के बीच गुरुवार को सरकारी स्कूलों में बच्चों को दोपहर का खाना मिलने में दिक्कत आ सकती है। प्रदेश में 28 हजार मिड डे मील वर्कर 14 लाख बच्चों का खाना तैयार करती हैं।

### होटल में गर्लफ्रेंड की गर्दन काटकर हत्या

**अबोहर (फाजिल्का)।** फाजिल्का जिले के अबोहर में मलोट रोड पर ट्रक यूनियन के पास स्थित एक होटल में 17 साल की लड़की की हत्या कर दी गई। उसका शव होटल के कमरे में खून से लथपथ पड़ा मिला। लड़की की गर्दन तेजधार हथियार से काटी गई। लड़की का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला और उसकी आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी। होटल कर्मियों ने बताया कि लड़की अपने बॉयफ्रेंड के साथ होटल में पहुंची थी। हालांकि, युवक करीब आधे घंटे बाद ही होटलकर्मियों को जोमैटो से खाना ऑर्डर करने का बहाना लगाकर वहां से निकल गया। पुलिस देर रात तक होटल में जांच करती रही। लड़की की शिनाख्त के बाद उसकी डेडबॉडी वहां से उठाकर मॉर्च्युरी पहुंचाई गई।

# राहुल ने कहा : सरकार ने भारत माता को बेच दिया

### सीतारमण का जवाब- भारत को कांग्रेस ने बेचा, किसानों के हक से सौदा किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को बजट पर बोलते हुए कहा कि सरकार ने इंडिया-यूएस ट्रेड डील के जरिए भारत माता को बेच दिया है। यह पूरी तरह सरेंडर है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे।

राहुल के आरोपों के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- कांग्रेसी कहते हैं कि मोदी ने सरेंडर कर दिया। मैं बताती हूं कि भारत को किसने बेचा। इसे कांग्रेस ने बेचा। बाली में जाकर सौदा करके आए थे। ट्रेड फेलिसिटेशन पर साइन करके आ गए थे। भारत के फायदे के लिए उसमें कुछ नहीं थी।

उन्होंने कहा कि किसानों के हक से समझौता करने वाली कांग्रेस है। मोदी ने 2014 में WTO में जाकर इसे सुधारा। ये गरीबों को राशन दे नहीं पा रहे थे और ये मोदी जी पर आरोप लगा रहे हैं।

### राहुल गांधी बोले- अडाणी पर केस मोदी पर दबाव बनाने के लिए



इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट पर चर्चा के दौरान एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल मोदी पर दबाव बनाने का तरीका है।


केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को टोकते हुए कहा- आपने जो भी कहा है साबित करिए। इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं। तुरंत सारे सबूत देता हूं।

हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया। वहीं, किरेन रिजिजू ने बाद में कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे।

## हैप्पी मॉर्निंग




रमेश (सुरेश से)- भाई ये साढू भाई किस रिश्ते को कहते हैं?
सुरेश- रमेश की बात को सुनकर जोर जोर से हंसा और बोला भईया जब 2 अलग-अलग आदमी एक ही कंपनी द्वारा ठग लिये जाते हैं तो उन दोनों आदमियों का रिश्ता साढू भाई का कहलाता है....



## शायरी

कटी हुई है ज़मीं कोह से समुंदर तक
मिला है घाव ये दरिया को रास्ता दे कर

## अर्थसार



संसेक्स:
84,233.64
-40.28 (0.048%)
निफ्टी:
25,953.85
+18.70

## मौसम



अधिकतम : 24 डिग्री से0
न्यूनतम : 11 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 7 : 05
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 09

# राजस्थान-शादी से लौट रहे दोस्तों की कार टकराई, 6 लोगो की मौत

### अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार किया, जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट

**दौसा।** राजस्थान के दौसा में भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये शादी-समारोह से घर लौट रहे थे।ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से निकल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसा बीती देर रात करीब 11 बजे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर कैलाई गांव के पास हुआ।





ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। इसके बाद कार में फंसे युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में 4 युवकों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, 2 गंभीर घायलों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक युवक ने दौसा में दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई।

### सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले

हादसे में समय सिंह (25) पुत्र राम सिंह योगी, लोकेश (24) पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश (24) पुत्र बनवारी योगी, मनीष (23) पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित (26) पुत्र लालाराम बैरवा और नवीन (23) की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार कार सवार सभी कालाखो (दौसा) गांव के रहने वाले हैं। वे मंगलवार को आभानेरी गांव में शादी-समारोह में शामिल होने गए थे।

# केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने माना-एपस्टीन से 3-4 मुलाकातें हुई

### मीटिंग प्रोफेशनल, यौन अपराधी से संबंध का आरोप बेबुनियाद; राहुल ने संसद में नाम लिया था

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि वह यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से तीन या चार बार मिले थे। यह बातचीत पूरी तरह से प्रोफेशनल थी, जो इंडिपेंडेंट कमीशन ऑन मल्टीलेटरलिज्म और दूसरे इंटरनेशनल कामों से जुड़ी थी।

पुरी ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोकसभा में एपस्टीन विवाद में उनका नाम लेने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एपस्टीन के आपराधिक मामलों से अपना कोई संबंध होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया। पुरी ने कहा, जब मैंने मई 2009 से न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला था, तब से लेकर 2017 में मंत्री बनने तक की अवधि के 30 लाख ईमेल



जारी किए गए हैं। इस दौरान, केवल तीन या चार बैठकों का ही जिक्र मिलता है और मेरी बातचीत पूरी तरह से पेशेवर थी। दरअसल, राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में एपस्टीन फाइल्स को लेकर पुरी का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं जानता हूं कि उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था। हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने मिलवाया था।

### पुरी बोले- किसी भी तरह की गलत गतिविधि से कोई लेना-देना नहीं

पुरी ने यह भी बताया कि वे लिंक्डइन के संस्थापक रीड हॉफमैन से भी मिले थे, लेकिन यह मुलाकात भारत में इंटरनेट और कारोबार के अवसरों पर पेशेवर चर्चा के लिए थी। पुरी ने साफ कहा कि इन मुलाकातों का किसी भी तरह की गलत गतिविधि से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कहा कि वे उस समय एक निजी नागरिक के रूप में भारत के अवसरों के बारे में अपनी समझ साझा कर रहे थे।

### अनिल अंबानी ने एपस्टीन से मदद मांगी

कांग्रेस ने 1 फरवरी को लगातार दूसरे दिन एपस्टीन फाइल्स का मुद्दा उठाया था। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दो पोस्ट एक्स पर शेयर की। इनमें अनिल अंबानी और अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 16 मार्च 2017 को हुई चैट का स्क्रीनशॉट शेयर किया।

अनिल अंबानी चैट में एपस्टीन से कुशनर और बैनन (ट्रम्प के करीबी) से मुलाकात में उसकी मदद मांगते नजर आ रहे हैं।

**हत्या** — धनवर्षा के नाम पर जहर मिले लड्डू खिलाए; यूपी-राजस्थान में पहले भी 2 मर्डर केस

# दिल्ली में तीन लोगों के मर्डर मामले में तांत्रिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में धनवर्षा (अचानक धन लाभ) का लालच देकर तीन लोगों की जहर देकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने तीन लोगों को जहर मिले लड्डू खिलाए और नकदी लेकर फरार हो गया था।

यह इस मामले में पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान कमरुद्दीन उर्फ बाबा के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का रहने वाला है और लोनी और फिरोजाबाद में तंत्र-मंत्र का सेंटर चलाता था।

दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर के



पास 8 फरवरी को एक बंद कार के अंदर तीन लोगों के शव मिले थे। मृतकों की पहचान 76 साल के रणधीर, 47 साल के शिव नरेश सिंह और 40 साल की लक्ष्मी देवी के रूप में की गई। रणधीर ड्राइवर की सीट पर और बाकी दोनों पीछे की सीट पर बैठे थे। पुलिस ने बताया कि कमरुद्दीन करीब एक साल से तीनों मृतकों के संपर्क में था। सीसीटीवी फुटेज में उसे उसी दिन कार के बगल वाली सीट पर बैठे देखा गया था। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और लोकेशन डेटा से भी घटना में उसके शामिल होने की पुष्टि हुई है।

### कार से शराब, कोल्ड ड्रिंक, कैश और दस्तावेज बरामद

डीसीपी (आउटर) सचिन शर्मा ने बताया कि पश्चिम विहार ईस्ट थाने में 8 फरवरी को पीसीआर कॉल आई थी। सूचना थी कि एक कार में एक महिला सहित तीन लोग बेहोश पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो ड्राइविंग सीट पर एक बुजुर्ग बैठा मिला।

एक 42 साल के व्यक्ति को राहगीरों ने कार से बाहर निकाला हुआ था। करीब 40 साल की महिला कार के अंदर पड़ी थी। तीनों को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कार की तलाशी में शराब की बोतलें, कोल्ड ड्रिंक, खाली गिलास, मोबाइल फोन, कैश, हेलमेट, जैकेट, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज मिले। तीनों मृतक बापरौला, नगली डेयरी और जहांगीरपुरी के रहने वाले थे। परिजनों ने आत्महत्या से इनकार किया और मौत की परिस्थितियों पर शक जताया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

# गीजर की गैस से पति-पत्नी और बेटे की मौत

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में सोमवार-मंगलवार की रात पति-पत्नी और बेटे की नींद में ही मौत हो गई थी। प्राथमिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला है कि तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से हुई थी। पुलिस की जांच में भी सामने आया है कि घर में लगा गीजर रात भर से चालू था।

हालांकि मौतों का सटीक कारण पता करने के लिए शव से ब्लड और विसरा लेकर एफएसएल भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

सोमवार की रात 40 वर्षीय सैयद फैज युसूफ अहमद, उनकी पत्नी मुबीना सैयद (36) और बेटा नोमान (12) घर में सो रहे थे। घटना का पता



तब चला, जब सुबह सैयद का भाई उस्मान इनके घर पहुंचा। दरवाजा अंदर से बंद था।

काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उसे तोड़ दिया गया। अंदर तीनों के शव पड़े थे। परिवार की 14 वर्षीय बेटी फरहीन दादी के यहां थी, इसलिए उसकी जान बच गई। परिवार चार दिन पहले ही सऊदी अरब की धार्मिक यात्रा से लौटा था।

# संपादकीय

## जिस भारत को नेहरू मिले और जिस भारत को आज संभाला जा रहा है



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### इतिहास से भागना आसान है, सच से नहीं

नेहरू तुझ पर नाज़ करेगा सदियों हिन्दोस्तान
शायद पैदा हो न सकेगा फिर ऐसा इंसान

मिला है तेरे रूप में हम को एक बड़ा वरदान
भाई-चारा, मेल-मोहब्बत है तेरी पहचान

आज के भारत में यह एक राजनीतिक फैशन बन चुका है—
हर समस्या के लिए नेहरू को दोष दो,
हर नाकामी पर इतिहास की कब्र खोदो।
लेकिन सवाल यह नहीं है कि नेहरू पर बहस हो या नहीं।
सवाल यह है कि क्या हम ईमानदारी से इतिहास को समझने की हिम्मत रखते हैं?
**और उससे भी बड़ा सवाल—**
क्या वर्तमान अपनी ज़िम्मेदारी स्वीकार करने को तैयार है?

### नेहरू को कैसा भारत मिला था?

जब जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता संभाली,
भारत कोई 'उभरती अर्थव्यवस्था' नहीं था।
वह एक लहूलुहान, टूटा हुआ और लुटा हुआ राष्ट्र था।

- देश का विभाजन हो चुका था
- 15 लाख से अधिक लोग मारे जा चुके थे
- लगभग 1.4 करोड़ शरणार्थी सड़कों पर थे
- उद्योग, पूँजी और प्रशासनिक ढांचा अंग्रेज़ समेट कर ले गए थे
- औसत आयु लगभग 32 वर्ष
- साक्षरता मात्र 16 प्रतिशत
- जीवन प्रत्याशा लगभग 31 वर्ष
- 90 प्रतिशत से अधिक आबादी घोर गरीबी में

नेहरू को कोई रेडीमेड भारत नहीं मिला था।
उन्हें तो एक सभ्यता को राष्ट्र में बदलना था।

### नेहरू का योगदान : नींव रखने की राजनीति

नेहरू की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं थी कि उन्होंने सत्ता चलाई,
बल्कि यह थी कि उन्होंने सत्ता को संस्थानों के हवाले किया।

- संविधान को सर्वोच्च रखा
- लोकतंत्र को सिर्फ़ चुनावों तक सीमित नहीं होने दिया
- IIT, AIIMS, IISc, BARC जैसे संस्थानों की नींव रखी
- पंचवर्षीय योजनाओं से औद्योगिक ढांचा खड़ा किया
- गुटनिरपेक्ष आंदोलन के ज़रिये स्वतंत्र विदेश नीति बनाई
- सेना को राजनीति से दूर रखकर लोकतंत्र को सुरक्षित किया

हाँ, उनसे गलतियाँ भी हुईं—
चीन नीति, कश्मीर, कुछ आर्थिक निर्णय।
लेकिन गलतियों और नीयत में फर्क होता है।
नेहरू की नीयत राष्ट्र निर्माण की थी,
न कि सत्ता को स्थायी बनाने की।

### आज का भारत: साधन हैं, पर दिशा नहीं

अब ज़रा आज के भारत को देखिए।
**आज सरकार के पास है—**

- मजबूत प्रशासनिक ढांचा
- आधुनिक तकनीक
- अनुभवी नौकरशाही
- वैश्विक पहचान
- दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी

फिर भी सवाल उठता है—
अगर सब कुछ मौजूद है, तो नाकामियाँ क्यों बढ़ रही हैं?

### वर्तमान सरकार की नाकामियां

आज की राजनीति में राष्ट्र निर्माण की जगह
राष्ट्र प्रबंधन को प्रचार में बदल दिया गया है।

- बेरोज़गारी दशकों के उच्चतम स्तर पर
- शिक्षा और स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च घटता जा रहा है
- सार्वजनिक संपत्तियाँ निजी हाथों में सौंपी जा रही हैं
- संसद बहस का मंच कम, हंगामे का अखाड़ा ज़्यादा बन गई है
- मीडिया सवाल पूछने के बजाय सत्ता की जय-जयकार में जुटा है

नरेंद्र मोदी के दौर में देश को भविष्य का सपना कम और अतीत का डर ज़्यादा दिखाया गया।

### इतिहास की आड़ में वर्तमान से पलायन

आज हर सवाल का एक तैयार जवाब है—
'नेहरू ने ये किया था।'
लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि—

- दस साल से सत्ता में बैठे लोग क्या कर रहे हैं?
- हर नाकामी का ठीकरा 70-75 साल पहले क्यों फोड़ा जा रहा है?

अगर नेहरू ही हर समस्या की जड़ थे, तो 2014 के बाद सब कुछ ठीक क्यों नहीं हो गया?

### नेहरू बनाम आज : असली फर्क

नेहरू ने कहा था—
आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है।
आज आलोचना को देशद्रोह बना दिया गया है।
नेहरू ने सवालों से भागा नहीं,
आज सवाल पूछने वालों से भागा जाता है।
नेहरू ने संस्थान बनाए, आज संस्थानों को कमजोर किया जा रहा है।

### निष्कर्ष : नेहरू इतिहास हैं, आज ज़िम्मेदारी है

नेहरू इतिहास का अध्याय हैं—
उन्हें पढ़ा जाना चाहिए,
समझा जाना चाहिए,
आलोचना भी होनी चाहिए।
लेकिन आज की सरकार इतिहास नहीं, वर्तमान लिख रही है।

### अगर आज भी—

- बेरोज़गारी है
- महँगाई है
- सामाजिक तनाव है
- लोकतांत्रिक संस्थाएँ दबाव में हैं

तो उसके लिए 1947 नहीं, 2026 ज़िम्मेदार है।
इतिहास को कोसने से वर्तमान सुधरता नहीं।
और जो सरकार
हर सवाल पर नेहरू का नाम लेती है,
वह दरअसल यह स्वीकार कर रही होती है कि—
उसके पास अपने काम का कोई ठोस जवाब नहीं है।
अब फैसला जनता को करना है—
क्या वह इतिहास की कब्र खोदकर
वर्तमान की नाकामियाँ ढकती रहेगी,
या सच का सामना करेगी?

क्योंकि—
राष्ट्र अतीत से नहीं,
वर्तमान की ईमानदारी से बनते हैं।

## डिजिटल क्रांति पर साइबर प्रहार गंभीर चुनौती

ललित गर्ग



डिजिटल युग ने भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवाओं ने लेन-देन को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया है। आज एक सामान्य नागरिक भी कुछ सेकंड में देश के किसी भी कोने में धन भेज सकता है, बिल जमा कर सकता है या निवेश कर सकता है। यही डिजिटल क्रांति 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की आधारशिला मानी जा रही है। किंतु इसी क्रांति के साथ एक गहरी विडंबना भी उभरकर सामने आई है-डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर लूट की भयावह बढ़ोतरी। हजारों करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ न केवल आमजन को आर्थिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं।

डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा 'विश्वास' है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है। पारंपरिक अपराध में जोखिम अपराधी के लिए अधिक था, डिजिटल अपराध में जोखिम कम और लाभ अधिक है। यही असंतुलन इसे अत्यंत खतरनाक बनाता है।

एक अन्य तुलनात्मक पक्ष यह है कि डिजिटल अपराधों में पीड़ित की मनोवैज्ञानिक स्थिति भी अलग होती है। ठगी का शिकार व्यक्ति स्वयं को अपराधी के सामने असहाय पाता है। पुलिस और साइबर क्राइम कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे तकनीकी कारणों का हवाला देकर लौटा दिया जाता है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास जन्म लेता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जटिल है, समुचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, और समय पर कार्रवाई न होने से धन की रिकवरी असंभव हो जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि डिजिटल अपराध का कोई वास्तविक दंड नहीं है। सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखना इस बात का संकेत है कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक आक्रमण भी हो सकता है। किंतु नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बनी हुई है। अनेक प्लेटफार्म और हेल्पलाइन स्थापित किए गए हैं, परंतु उनकी कार्यप्रणाली में त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी स्पष्ट दिखती है। यदि शिकायत के बाद प्रारंभिक गोल्डन ऑवर में ही बैंक खाते फ्रीज करने और ट्रांजैक्शन ट्रैक करने की प्रभावी व्यवस्था न हो, तो बाद की प्रक्रिया औपचारिकता बनकर रह जाती है।

वित्तीय प्रणाली की दृष्टि से देखें तो डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना निवेश, उपभोग और बैंकिंग व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आमजन को यह आशंका सताने लगे कि ऑनलाइन निवेश योजनाएँ या भुगतान सुरक्षित नहीं हैं, तो वह नकद लेन-देन की ओर लौट सकता है। यह प्रवृत्ति सरकार की कैशलेस अर्थव्यवस्था की नीति को कमजोर करेगी।

इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत नकारात्मक हो सकता है कि साइबर सुरक्षा का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। अतः यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक नीति का भी केंद्रीय प्रश्न है। समाधान के स्तर पर तुलनात्मक रूप से देखें तो विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में रखा है। वहाँ विशेषीकृत एजेंसियाँ, उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, त्वरित डेटा साझा करने की प्रणाली और सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं। भारत में भी साइबर क्राइम ब्यूरो और डिजिटल सुरक्षा तंत्र मौजूद हैं, परंतु उनकी क्षमता, संसाधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस बल को केवल पारंपरिक अपराधों की नहीं, बल्कि डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की भी विशेषज्ञता दी जानी चाहिए। जब तक जांच एजेंसियाँ तकनीकी रूप से अपराधियों से एक कदम आगे नहीं होंगी, तब तक रोकथाम कठिन रहेगी।

एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जागरूकता का भी है। तकनीक जितनी उन्नत होती है, अपराधी भी उतने ही नए तरीके अपनाते हैं। अतः केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है।


विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग संदिग्ध लिंक, कॉल और निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि जागरूकता का दायित्व पीड़ित पर डालकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। सुरक्षा का मूल दायित्व तंत्र का है, नागरिक का नहीं। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस समस्या को जटिल बनाते हैं। यदि बैंक या भुगतान प्लेटफार्म समय पर कार्रवाई नहीं करते, या आंतरिक मिलीभगत से फर्जी खाते संचालित होते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत विफलता है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट प्रणाली, जवाबदेही और कठोर दंड अनिवार्य हैं। डिजिटल प्लेटफार्मों की केवाईसी प्रक्रिया को अधिक कठोर और वास्तविक बनाना होगा, ताकि फर्जी पहचान के माध्यम से खाते खोलना कठिन हो।

अंततः डिजिटल क्रांति का उद्देश्य सुविधा, पारदर्शिता और समृद्धि है। यदि यही क्रांति भय, असुरक्षा और अविश्वास का कारण बनने लगे, तो उसका नैतिक औचित्य कमजोर पड़ जाएगा। भारत जैसे विशाल देश में डिजिटल परिवर्तन को रोकना संभव नहीं, और न ही यह वांछनीय है। किंतु इसे सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना अनिवार्य है। सरकार को नीति, तकनीक और प्रशासन-तीनों स्तरों पर समन्वित रणनीति अपनानी होगी। साइबर अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को समयबद्ध राहत, जांच एजेंसियों का सशक्तीकरण और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही-ये सब मिलकर ही धोखाधड़ी मुक्त डिजिटल परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। डिजिटल भारत की सफलता केवल ऐप्स और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से मापी जाएगी जो नागरिक अपने मोबाइल स्क्रीन पर उभरते हर ट्रांजैक्शन संदेश के साथ महसूस करता है।

यदि यह विश्वास सुरक्षित रहा, तो डिजिटल क्रांति राष्ट्र को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगीय यदि यह टूट गया, तो समृद्धि का सपना भी अधूरा रह जाएगा। अतः समय की मांग है कि डिजिटल धोखाधड़ी को एक राष्ट्रीय चुनौती मानकर उसके समाधान की दिशा में ठोस, निर्णायक और पारदर्शी कदम उठाए जाएँ, ताकि विकसित भारत की आधारशिला मजबूत और अडिग रह सके।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3798




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3797 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)- मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका- ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी- वह कैसे?

प्रेमिका- मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

□ □ □

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से- प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका- कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी- मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका- मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी- क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3798



**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी साँस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3797



## सूडोकु -3798

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3797 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3798



**बाएँ से दाएँ**

1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार,जेल-4
8. पानी,नीर-2
9. मीन,मत्स्य-3
10. लक्ष्मी,कमला-2
11. कलाकार,फनकार-4
12. मर्द,मादा का विलोम-2
14. हसरत,मुराद-4
15. कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17. भूमि,धरती-3
19. मतवासा,मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना,भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप,सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर,अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र,बेटा-3
39. टोंटी,नलका-2
40. ललचाना,तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1. ईश्वर,अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी,कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर,थाती-4
13. मिट्टी,धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़,द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट,मेल-मिलाप-4
30. दिया,दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया,नवीन-2

### शब्द पहेली -3797 का हल



# स्क्रैप माफिया रवि काना को मिली अग्रिम जमानत

**सत्र न्यायालय में याचिका पर हुई थी सुनवाई, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की लगी छह टीम**

**नोएडा।** बांदा जेल से 29 जनवरी को जमानत रिहा हुए गैंगस्टर रवि काना के मामले में बुधवार को अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई। अदालत ने आरोपी की याचिका पर उसे जमानत दे दी है। गैंगस्टर रवि काना ने बांदा जेल से 29 जनवरी को रिहा होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। याचिका पर आज सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। आरोपी रवि काना की ओर से वकील ललित मोहन गुप्ता ने दलील दी, वहीं अभियोजन की ओर से डीजीसी क्राइम ब्रह्मजीत जाती ने अपना पक्ष रखा दोनों पक्षों को सुनने बाद अदालत ने रवि काना को जमानत दी है।

बांदा जेल से निकलकर गायब हुए स्क्रैप माफिया रवि काना का अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। हालांकि ये स्पष्ट है कि वो अभी देश छोड़कर बाहर नहीं गया है। इसके



संकेत नोएडा पुलिस को मिले हैं। पुलिस ने सुराग के आधार पर माफिया सरगना रवि काना की घेराबंदी तेज कर दी है। माफिया की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छह टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

बांदा जेल से बाहर निकलने के बाद से रवि काना की ठीक-ठीक लोकेशन पुलिस के हाथ नहीं लग रही थी। नोएडा पुलिस को रवि काना के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। दावा किया जा रहा है कि जेल के बाहर से रवि काना जिस कार में बैठकर निकला है, वह एक जगह पर दिख गई है। कुछ अन्य वाहन भी उस दिन जेल के बाहर पहुंचे थे। सभी वाहनों का नोएडा पुलिस पता लगाने में जुट गई है।

### रवि काना के गैंग में 18 लोग

कोर्ट ने रवि काना के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया हुआ है। रवि काना एक संगठित अपराधी गिरोह का सरगना है, जिसका गैंग नंबर डी-190 है। इस गैंग में कुल 18 सदस्य हैं। रवि काना और उसके गैंग के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर समेत एनसीआर के कई जिलों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अवैध तरीके से स्क्रैप और सरिया के कारोबार से जुड़ा था।

### गैंग स्क्रैप कारोबारी को डराने धमकाते है

गैंग के सदस्य स्क्रैप और सरिया कारोबारियों को डराने-धमकाने, चोरी और लूट जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। इन अपराधों के जरिए अवैध रूप से भारी मात्रा में संपत्ति अर्जित की गई, जिसे रवि काना, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर बेनामी रूप से दर्ज कराया गया है। रवि काना ने एक बड़ा गिरोह बना रखा है। यह पूरा गिरोह इन दिनों नोएडा पुलिस की रडार पर है।

## जिले में फिर से मोटो जीपी रेस कराने की कवायद तेज

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-25 स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में एक बार फिर मोटो जीपी बाइक रेस कराने की कवायद तेज हो गई है। बुधवार को लखनऊ में इस संबंध में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रेस के आयोजन की तैयारियों और आगे की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) सीईओ आरके सिंह बुधवार को बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सितंबर 2023 में पहली बार मोटो जीपी का आयोजन हुआ था, जिसे आधिकारिक तौर पर मोटो जीपी भारत नाम दिया गया था। यह अंतरराष्ट्रीय रेस का आयोजन डोर्ना स्पोर्ट्स करती है, जो स्पेन की कंपनी है और मोटो जीपी की कमर्शियल राइट्स होल्डर है। भारत में इस इवेंट के प्रमोटर के रूप में फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स ने डोर्ना स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी की थी। भारत में मोटो जीपी के आयोजन के लिए सात वर्ष का अनुबंध किया गया था, लेकिन कंपनी की अनियमितता के चलते 2023 के बाद यह रेस दोबारा नहीं हो सकी। 2023 में हुए आयोजन के लिए यूपी सरकार ने इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी बनाया था। बुधवार को लखनऊ में हुई बैठक में पिछले आयोजन के अनुभवों की समीक्षा की गई।

# क्रू -शिप कंपनियों में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश, 4 अरेस्ट

वकार सैफी विशाल इंडिया

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस व थाना सेक्टर-126 पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए क्रू-शिप कंपनियों में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर 4 आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 03 लैपटॉप, 07 मोबाइल फोन, कॉलिंग डाटा शीट, 04 मोहर एवं फर्जी दस्तावेज बरामद हुए है।

बता दे कि बुधवार को थाना साइबर क्राइम पुलिस व थाना सेक्टर-126 पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए क्रू-शिप कंपनियों में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपी जिनकी पहचान राहुल, प्रशान्त, विशाल शर्मा ओर सैफ वारिश को सेक्टर- 132 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 3 लैपटॉप, 7 मोबाइल फोन, 26 प्रति कॉलिंग डाटा शीट, 21 रजिस्टर (कॉलिंग डाटा), 04 मोहर, 04 जॉइनिंग लेटर व अन्य बैंक सबंधी दस्तावेज (बैंक पासबुक, एटीएम




आदि) बरामद किए गए है।

### अपराध करने का तरीका

आरोपियों द्वारा सेक्टर-132, नोएडा स्थित SEA HIRE MARINE SERVICE COMPANY नामक फर्जी कंपनी संचालित कर क्रू शिप में नौकरी दिलाने के नाम पर सुनियोजित तरीके से साइबर ठगी की जा रही थी। यह गिरोह विभिन्न पदों पर नौकरी की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों को कॉल व ऑनलाइन माध्यम से संपर्क कर उन्हें आकर्षक वेतन व विदेश में नियुक्ति का झांसा देता था तथा रजिस्ट्रेशन, प्रोसेसिंग व अन्य शुल्क के नाम पर प्रति व्यक्ति लगभग 01 लाख से 01 लाख 20 हजार रुपये तक की धनराशि वसूल करता था। इस प्रकार ठगी कर अभियुक्तों द्वारा विभिन्न बैंक खातों में करीब 01 करोड़ रुपये प्राप्त किए गए। अभियुक्तों से बरामद बैंक पासबुक/बैंक खातों के संबंध में केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में शिकायतें दर्ज पाई गई।

### साइबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव बिंदु-

**1. भरोसेमंद जॉब पोर्टल चुनें :** नौकरी के लिए हमेशा आधिकारिक वेबसाइट या प्रमाणित जॉब पोर्टल का ही इस्तेमाल करें।

**2. अग्रिम शुल्क से सावधान रहें :** किसी भी जॉब के लिए कॉल या मैसेज पर पैसे मांगने वाले धोखेबाज हो सकते हैं।

**3. व्यक्तिगत व बैंक विवरण न दें :** कभी भी पासवर्ड, OTP या बैंक डिटेल किसी को शेयर न करें।

**4. ऑफर की सत्यता जांचें :** आकर्षक या जल्दी जॉब दिलाने वाले ऑफर को इंटरनेट या हेल्पलाइन से पहले जांचें।

**5. संदिग्ध गतिविधि की सूचना दें :** ठगी या संदिग्ध कॉल/ईमेल मिलने पर तुरंत पुलिस/साइबर सेल को रिपोर्ट करें।

# ग्रेटर नोएडा में फर्जी बैनामा कर 87 लाख हड़पे

## दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही आगे की जांच

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में जेवर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा करने और 87 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि आरोपियों ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज बनाए और पीड़ित से 87 लाख 66 हजार रुपये की धोखाधड़ी की।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित सुनील कुमार ने थाना जेवर में शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी कर जमीन का फर्जी बैनामा किया और उनसे बड़ी धनराशि वसूल ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

बुधवार को जेवर पुलिस ने स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए खुर्जा अंडरपास के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान रत्ना उर्फ रतन सिंह पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह (निवासी ग्राम महोबली, थाना जेवर, वर्तमान पता थाना खुर्जा देहात, बुलंदशहर) और सोनू पुत्र राकेश (निवासी ग्राम साहब नगर, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और जमीन का फर्जी बैनामा कर पीड़ित से 87 लाख 66 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश भी जारी है।

जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने जानकारी दी कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा में 40 करोड़ का स्काईवॉक, 2 करोड़ का पाथ

## 2035 तक डिस्मेंटल कर दिया जाएगा, मॉल से दोनों मेट्रो स्टेशनों को करेंगे इंटरकनेक्ट

**नोएडा।** नोएडा में ब्लू लाइन के सेक्टर-52 और एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन को जोड़ने वाला स्काईवॉक जल्द शुरू किया जाएगा। हालांकि 2029 में या 2035 तक इसे डिस्मेंटल कर दिया जाएगा। यहां बनने वाले मॉल से दोनों मेट्रो स्टेशन को इंटर कनेक्ट कर दिया जाएगा। सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसका निर्माण हो चुका है। अब प्रियार्टी से जल्द से जल्द शुरू करने की है।

सेक्टर-51 में स्वीडन की कंपनी क्कुयश्च कंपनी को 49,675 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई है। इसी जमीन पर इंगका सेंटर्स नाम से विशाल मॉल का निर्माण हो रहा है। प्राधिकरण और कंपनी के बीच हुए एग्रीमेंट के मुताबिक, मॉल के डिजाइन में ही सेक्टर-52 और सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशनों को इंटरकनेक्ट करने की व्यवस्था शामिल है।

एग्रीमेंट साफ कहता है कि कंपनी 2029 के बाद स्काईवॉक को डिस्मेंटल कर सकती है, क्योंकि तब मॉल के



अंदर से ही दोनों स्टेशनों को जोड़ा जाएगा। यदि किसी वजह से 2029 में यह नहीं हटाया गया, तो 2035 में इसे अनिवार्य रूप से तोड़ा जाएगा, क्योंकि तब तक मॉल का निर्माण पूरा हो जाना है। यानी 40 करोड़ रुपये का यह स्काईवॉक अस्थायी ढांचा है, जिसकी उम्र पहले से तय है।

### पांच महीने की डेडलाइन, डेढ़ साल बाद भी अधूरा

स्काईवॉक का निर्माण जून 2023 में शुरू हुआ था। इसे महज पांच महीने में पूरा किया जाना था, लेकिन अब तक काम अधूरा है। इस दौरान प्राधिकरण करीब 40 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है। अब नई तकनीकी समस्या सामने आई है। सेक्टर-51 की ओर जहां स्काईवॉक को जोड़ा जाना है, वहां बीम आ गई है। समाधान के नाम पर अब स्ट्रक्चर टेस्टिंग कर बीम को हटाने और मेट्रो स्टेशन के भार को दूसरे बीम पर डायवर्ट करने की तैयारी है। यह सब उस स्काईवॉक के लिए किया जा रहा है, जिसे खुद एग्रीमेंट के अनुसार कुछ सालों में तोड़ा जाना है।

### पहले 2 करोड़ का वॉक-वे

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्काईवॉक से पहले प्राधिकरण ने दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए वॉक-वे भी बनाया गया है।

इस पर करीब 2 करोड़ रुपये खर्च किए गए। कुछ महीनों तक इस रास्ते पर ई-रिक्शा भी चलाए गए, लेकिन जैसे ही स्काईवॉक का काम शुरू हुआ, वॉक-वे पर ई रिक्शा को बंद कर दिया गया। अब मुसाफिर पैदल ही जाते है।

### अब न वॉक-वे पर ई रिक्शा, न स्काईवॉक पूरा हुआ

इस पूरे मामले में बड़ा सवाल यही है कि जब मॉल बनने के बाद स्थायी इंटरकनेक्शन तय था, तो फिर 42 करोड़ रुपये खर्च कर अस्थायी स्काईवॉक और पाथ वे बनाने की जरूरत क्या थी ?

क्या यह फैसला यात्रियों की सुविधा के नाम पर लिया गया, फिलहाल हकीकत यही है कि नोएडा में जनता के पैसे से बना यह स्काईवॉक अधूरा, अस्थायी है।

# 25 गरीब कन्याएं पवित्र बंधन में बंधेगी, ओपा सेवा फाउंडेशन कराएगा सामूहिक विवाह

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में आगामी 14 फरवरी को ओपा सेवा फाउंडेशन द्वारा 25 गरीब परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सामूहिक विवाह योजना से प्रेरित है।

इस सामूहिक विवाह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। आयोजन को लेकर फाउंडेशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने ग्रेटर नोएडा साइट-4 स्थित कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के सपनों को पूरा करना है।

अग्रवाल ने बताया कि वर-वधू का



चयन उनके परिजनों द्वारा किया गया है, जबकि संस्था केवल आयोजन की जिम्मेदारी निभा रही है। विवाह समारोह में पूरे रीति-रिवाजों के साथ बारात निकाली जाएगी। इसमें ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजा, आतिशबाजी और सामूहिक भोज का भी आयोजन होगा।

ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि संस्था ने वैलेंटाइन डे के दिन 2022 में इसकी शुरुआत की थी और तब से लगातार जरूरतमंद बच्चियों की शादियां कराई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि शहर के लोग भी इन समारोहों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और हर तरीके से योगदान देते हैं, जिससे लोगों में एक अलग उत्साह भी दिखता है।

फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक कन्या को उपहार स्वरूप लगभग 325 घरेलू सामान दिए जाएंगे। इनमें बेड, फ्रिज, टीवी, पंखा और ज्वेलरी शामिल हैं। इस कार्यक्रम में करीब 3000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

यह विवाह समारोह ओपा सेवा फाउंडेशन कार्यालय, साइट-4 ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा।

## देवर ने भाभी पर ईंट से हमला किया

### पारिवारिक विवाद में महिला गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित बिलासपुर कस्बे में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला पर उसके देवर ने ईंट से हमला कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई तहरीर में बिलासपुर निवासी रेखा ने बताया कि वह अपने पति और बच्चों के साथ रहती हैं। उनके अनुसार, बुधवार को हुए पारिवारिक विवाद के दौरान उनके देवर ने अपनी मां के साथ मिलकर उन पर ईंट से हमला किया। इस हमले में रेखा के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गईं। उनके पति ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी देवर अक्सर उनके साथ गाली-गलौज करता रहता है। मंगलवार को गाली देने का विरोध करने पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था, जिसके बाद अगले दिन यह हमला किया गया। दनकौर कोतवाली पुलिस ने बताया कि उन्हें पीड़िता की शिकायत प्राप्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जेवर के यमुना एक्सप्रेसवे पर कार-पिकअप की टक्कर

## दो घायल, चालक फरार; तलाश में जुटी पुलिस

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर बुधवार को तेज रफ्तार कार ने एक पिकअप गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप सड़क पर ही पलट गई।

हादसे में पिकअप सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना बुधवार दोपहर की है। मकनपुर गांव निवासी प्रिंस, ग्रेटर नोएडा के डाढ़ा गांव के एक व्यक्ति की पिकअप लेकर अपने गांव से ग्रेटर नोएडा जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी फार्मूला वन ट्रैक के मुख्य गेट के सामने पहुंची, तभी साइड रोड से तेज रफ्तार में आ रही कार ने पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई और कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के तुरंत बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पलटी पिकअप को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# नोएडा केबलिंग घोटाले में कार्रवाई तेज, जांच कमेटी गठित

## पूर्व इंजीनियर इन चीफ प्रकरण से जुड़े 3 अफसरों पर गिरेगी गाज

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में अंडरग्राउंड केबलिंग घोटाले को लेकर एक बार फिर कार्रवाई तेज हो गई है। पूर्व इंजीनियर इन चीफ यादव सिंह प्रकरण से जुड़े मामले में प्राधिकरण के तीन अधिकारियों आरपी सिंह (वर्तमान महाप्रबंधक जल-सीवर एवं ईएंडएम), निजामुद्दीन और प्रमोद (दोनों का नोएडा से तबादला हो चुका है) को विभागीय चार्जशीट देने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

सीईओ के निर्देश पर कार्मिक विभाग के ओएसडी अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में दो वरिष्ठ प्रबंधकों की जांच कमेटी गठित कर दी गई है। प्राधिकरण स्तर पर चार्जशीट की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई की चार्जशीट में नाम शामिल




होने के बावजूद इन अधिकारियों की विभागीय जांच की फाइल प्राधिकरण से शासन तक नहीं भेजी गई थी। शासन की ओर से कई बार प्राधिकरण से पूछा गया कि विभागीय जांच क्यों लंबित है, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। अब शासन ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जवाब तलब किया है। विभागीय जांच लंबित रहने के दौरान संबंधित अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ भी मिल चुका है।

### 20 अधिकारियों के खिलाफ हुई थी कार्रवाई

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में अंडरग्राउंड केबलिंग प्रकरण में कथित रूप से चहेती कंपनियों को टेंडर देकर लाभ पहुंचाने के आरोप में यादव सिंह समेत 20 अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट जारी हुई थी। उस समय इन तीन अधिकारियों को कार्रवाई से बाहर रखा गया था।

### शिकायतकर्ता और गवाह भी बने आरोपी

इस घोटाले में सेक्टर-39 थाने में तत्कालीन एपीई आरपी सिंह ने ही तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। वे सीबीआई जांच में गवाह भी रहे और करीब 250 से अधिक बार सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाए गए। अब जानकारी सामने आई है कि सीबीआई ने उन्हें भी चार्जशीट में शामिल कर लिया है। महाप्रबंधक (ईएंडएम) आरपी सिंह ने कहा कि यह जांच की सतत प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि वह उस समय डिविजन-2 में तैनात थे। अंडरग्राउंड केबलिंग में जो रेट कोड लागू किया गया था, वह पूरे प्राधिकरण में लागू था, इसलिए सीबीआई ने उन्हें भी चार्जशीट में शामिल किया है।

### क्या बोलीं एसीईओ?

एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने पुष्टि की कि तीनों अधिकारियों को चार्जशीट किया जा रहा है। इसके लिए ओएसडी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की जा चुकी है और जल्द ही जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा से बीएससी छात्रा लापता

### तीन दिनों से नहीं मिला सुराग, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक डिग्री कॉलेज की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पिछले तीन दिनों से लापता है। छात्रा के परिजनों ने बुधवार को दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, उनकी 19 वर्षीय बेटी 9 फरवरी को प्रतिदिन की तरह कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। हालांकि, वह कॉलेज नहीं पहुंची। देर शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। तीन दिनों की तलाश के बाद परिजनों ने दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## छात्रों ने सीखे आपातकालीन बचाव के गुर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित बीड़ीआरडी इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने के गुर और आपदा प्रबंधन के विभिन्न कौशलों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने टेंट लगाने की विधि और आपदा प्रबंधन का सजीव प्रदर्शन किया, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान उन्होंने टीम भावना, साहस और तत्परता का परिचय देते हुए आपात परिस्थितियों से निपटने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जयप्रकाश सिंह ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और सेवा-भाव का विकास करता है, जो जीवनभर उपयोगी रहता है। शिविर का संचालन प्रशिक्षक विकास कुमार और कविता गौतम के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। स्काउट मास्टर भास्कर सैनी और अंजू सिंह ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बिजली कनेक्शन की मांग पर तीसरे दिन भी धरना

**नोएडा।** डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर लोगों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। सेक्टर-16 के बिजली घर पर ये धरना भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में दिया जा रहा है। धरने में करीब 2000 से अधिक महिलाओं और 1000 से अधिक पुरुषों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने हक और बच्चों के भविष्य के लिए बिजली हर हाल में लेने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं नें बबली पूनम सहित कई महिलाओं ने आंदोलन को नई दिशा देने की बाद कही। परिषद के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा डूब क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के प्रस्ताव को शासन को भेजा गया हैं, लेकिन अब तक उस पर निर्णय नहीं हुआ है ।परिषद ने किसानों और कामगारों के संयुक्त सघर्ष को आगे भी जारी रखने की बात कही। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्दी ही शासन स्तर पर निर्णय नहीं लिया गया तो धरना को और तेज किया जाएगा।

## जिले में प्रशासनिक भवन और नए थाने बनाए जाएंगे

**नोएडा।** सरकार ने बजट में पुलिस के गैर-आवासीय भवनों (थाना, चौकी, कार्यालय) के निर्माण के लिए 1,374 करोड़ रुपये और पुलिस कर्मियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 1,243 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसके अलावा नए पुलिस भवनों के निर्माण के लिए 346 करोड़ रुपये अलग से रखे गए हैं। नए बजट प्रावधान से पुराने और छोटे थाना भवनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा सकेगा और जरूरत के अनुसार नए थाना, चौकी और कार्यालय भी बनाए जा सकेंगे। इससे पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्यस्थल मिलेगा और कामकाज तेज और व्यवस्थित होगा। गैर-आवासीय भवनों के निर्माण से पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी आसान होगी ।आधुनिक कंट्रोल रूम, रिकॉर्ड रूम और तकनीकी सुविधाएं मिलने से जांच और निगरानी का काम तेज होगा। इससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी और लोगों को भी बेहतर पुलिस सेवाएं मिल सकेंगी।

## डीएनडी पर यातायात बाधित रहेगा

**नोएडा।** नोएडा को दक्षिणी दिल्ली से जोड़ने वाले डीएनडी पर यातायात बाधित हो सकती है। यहां एक बार फिर गुरुवार से मरम्मत का काम शुरू होगा। अगले डेढ़ महीने में काम पूरा कर लिया जाएगा। बीते महीने अधिक सर्दी और प्रदूषण के चलते मरम्मत का काम बंद कर दिया गया था। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि डीएनडी पर मरम्मत का काम अक्तूबर 2025 में शुरू किया गया। इसके बाद प्रदूषण स्तर बढ़ने पर ग्रैप तीन और चार लागू होने से मरम्मत के काम पर प्रतिबंध लग गया ।इससे सड़क पर बिटुमिन से संबंधित काम नहीं हो सके। इसके अलावा बिटुमिन का काम सर्दी के मौसम में नहीं होता। गर्मी के मौसम में होने से सड़क की परत पर ठीक ढंग से बिछाव हो जाता है। मजबूती से चिपकाव की प्रक्रिया होती है। इससे सड़क अधिक टिकाऊ हो जाती है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार से दोबारा मरम्मत का काम शुरू कराने की तैयारी है। मार्च महीने के अंत तक काम पूरा कर लिया जाएगा। कुछ वजहों से काम पूरा होने में देरी हुई, वरना अब तक काम पूरा कर लोगों को बेहतर सुविधा दे दी जाती।

# फतेहपुर में बेटे ने मां की हत्या की

## सिर पर बाइक के शॉकर रॉड से किया था हमला, कानपुर में चल रहा था इलाज

**फतेहपुर।** फतेहपुर में एक नशेड़ी बेटे ने अपनी मां पर मोटरसाइकिल की चेन रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मां की कानपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना मलवां थाना क्षेत्र के बरमतपुर गांव में 9 फरवरी को हुई थी।

पुलिस के अनुसार, 43 वर्षीय माया देवी अपने 24 वर्षीय बेटे अरविंद कुमार को नशे की लत के इलाज के लिए एम्स ले जाने की बात कह रही थीं। सुबह करीब 6 बजे, अरविंद ने अचानक अपनी मां के सिर पर बाइक की सांकर रॉड से चार वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।



हमले के बाद अरविंद अपनी घायल मां के पास ही बैठा रहा। परिजनों और पड़ोसियों की नजर पड़ने पर माया देवी को उनके छोटे बेटे आकाश के साथ जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें गंभीर हालत में कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

मंगलवार को इलाज के दौरान माया देवी की कानपुर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव लौटे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पड़ोसी और देवर शिव भजन ने बताया कि अरविंद नशे का आदी है। उपनिरीक्षक विनोद सिंह ने जानकारी दी कि मृतका के छोटे बेटे के प्रार्थना पत्र पर बुधवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## कोई भी बच्चा अधिकारों से वंचित नहीं रहेगा, अब मिल सकेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : जिलाधिकारी



ललितपुर । ललितपुर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जनहित के मामलों को गंभीरता से लेते हुए सहरिया जनजाति के बच्चों के लिए एक विशेष पहल की गई। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित नियमित जनता दर्शन एवं जनसुनवाई के दौरान कुछ सहरिया जनजाति के परिजन अपने बच्चों के साथ उपस्थित हुए थे। उन्होंने अवगत कराया कि उनके बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हुए हैं, जिसके कारण न तो आधार कार्ड बन पा रहे हैं और न ही वे शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं। परिजनों ने यह भी बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में बच्चों को विद्यालयी प्रवेश, छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय सुविधाओं में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने इस समस्या को अत्यंत गंभीरता से लिया और स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र बच्चा केवल दस्तावेजों के अभाव में अपने अधिकारों से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने केवल उपस्थित परिवारों की समस्या के समाधान तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि जनपद के समस्त सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विकास खंडों के अंतर्गत सहरिया जनजाति बहुल ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान एवं शिविर आयोजित कर ऐसे बच्चों का चिन्हांकन करें, जिनके जन्म प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हुए हैं।

## शार्ट न्यूज

### दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 148/26 धारा 333,131,65(1),61(2),351(3) बीएनएस व ड पाक्सो एक्ट व 67बी आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त आशीष अहिरवार पुत्र हरीप्रसाद उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम बेटना थाना नाराहट जिला ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार मा0 न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्र. नि. अनुराग अवस्थी मय टीम आदि शामिल रहे।

### ताजमहल देखने पहुंचीं थाईलैंड की राजकुमारी

**आगरा।** थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नावरी नरिरत्ना बुधवार सुबह आगरा के ताजमहल पहुंचीं। ताज की खूबसूरती देख वह खुद को रोक नहीं पाईं। उन्होंने खुद कैमरे में ताज को कैद किया। इसके बाद डायना सीट पर बैठकर अपनी फोटो खिंचवाई। उनके साथ उनका प्रतिनिधिमंडल भी रहा। राजकुमारी के सुरक्षा कर्मियों ने किसी को भी उनकी फोटो-वीडियो नहीं लेने दिए। कुछ विदेशी टूरिस्टों ने फोटो खींची तो उनके मोबाइल से इसे डिलीट करा दिया। ताजमहल में करीब एक घंटे रुकने के बाद राजकुमारी साढ़े नौ बजे आगरा फोर्ट पहुंचीं। इस दौरान टूरिस्टों की एंट्री रोक दी गई। थाईलैंड की राजकुमारी को गाइड नितिन ने ताजमहल और आगरा फोर्ट की खासियत बताई। इसके बाद राजकुमारी के साथ डायना सीट के पास नीचे बैठकर फोटो खिंचवाई। राजकुमारी इससे पहले मंगलवार शाम को पूरे प्रोटोकॉल के साथ जोधपुर से आगरा पहुंची थीं।

### वंदे भारत की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**औरैया।** औरैया जिले के दिबियापुर स्थित फफूंद स्टेशन पर बुधवार देर शाम एक शिक्षक की वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। 40 वर्षीय विवेक गुप्ता टहलने निकले थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान नेहरू नगर निवासी विवेक गुप्ता पुत्र वेदप्रकाश के रूप में हुई है। वह भाग्यनगर के किसान इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक छा गया, और उनके साथी शिक्षक भी स्तब्ध रह गए। विवेक गुप्ता दो दिन पहले ही कानपुर से शुगर की दवा लेकर लौटे थे। बुधवार को उन्होंने स्कूल में 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा संबंधी कार्य भी किया था। देर शाम वह फफूंद स्टेशन पर टहलने गए थे। इसी दौरान दिल्ली से कानपुर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस वहां से गुजरी। ट्रेन की तेज हवा के दबाव से उनका संतुलन बिगड़ गया और वे उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### मथुरा में शादी समारोह के दौरान हादसा

मथुरा। मथुरा के जैत थाना क्षेत्र में शादी समारोह के बीच दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। रामताल इलाके में तेज रफ्तार बाइक ने बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे के बाद जहां घर में विदाई की रस्में चल रही थीं, वहीं कुछ ही पलों में खुशियां मातम में बदल गईं। फरह क्षेत्र के नगला छत्ती निवासी गोपाल अपने 8 वर्षीय बेटे अंकुश के साथ अपनी बुआ की बेटी रजनी की शादी में शामिल होने रामताल आए थे। बुधवार सुबह करीब 8 बजे रजनी की विदाई की तैयारियां चल रही थीं। उसी समय अंकुश घर के बाहर लगे शामियाने के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर वहां पहुंची और अंकुश को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्चा गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। हादसे के बाद परिजनों और रिश्तेदारों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन तुरंत अंकुश को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### मथुरा में किशोर की सड़क दुर्घटना में मौत

**मथुरा।** मथुरा के जैत थाना क्षेत्र के नगला रामताल गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकुश के रूप में हुई है, जो नगला छत्ती, थाना फरह का निवासी था। वह अपने परिजनों के साथ एक भात कार्यक्रम में शामिल होने नगला रामताल आया हुआ था। पुलिस के अनुसार हादसा देवी आटस रोड पर स्थित गिट्टी प्लांट के पास हुआ। इसी दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने अंकुश को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से घायल अंकुश को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जैत थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कौशांबी में भाजपा नेता पर जानलेवा हमला

कौशांबी। कौशांबी में भाजपा नेता राकेश दिवाकर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। जमीन विवाद को लेकर हुए इस हमले में राकेश दिवाकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चिकवन के पूरा गांव का है। परिजनों का आरोप है कि भूमाफिया से जुड़े कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते राकेश दिवाकर को घेरकर बेरहमी से पीटा और मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए। परिवार का कहना है कि पीड़ित ने पहले भी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही थीं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पीलीभीत में महिला को बाघ ने मार डाला

**पीलीभीत।** पीलीभीत में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बाघ ने मार डाला। महिला जंगल में गई हुई थी। तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने हमला कर दिया। जबड़े में गला दबोचकर घने जंगल में लेकर चला गया। परिजनों को सुबह महिला का शव कॉलोनी से महज 200 मीटर दूर जंगल में पड़ा मिला। महिला के पेट और गले का मांस गायब था। गले की हड्डी को बाघ ने तोड़ दिया था। शरीर पर खरोंच के कई निशान थे। आसपास की झाड़ियां टूटी हुई थीं, इससे अनुमान लग रहा कि महिला ने अपनी जान बचाने के लिए बाघ से संघर्ष किया। घटना जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर थाना न्यूरिया के महोफ वन रेंज की है। मृतका की पहचान महोफ कॉलोनी की 65 वर्षीय पारुल के रूप में हुई है। परिजन की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीमें पहुंचीं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। वन विभाग के अनुसार, अब तक बाघ के पंजों के निशान नहीं मिले हैं। मौत किसी वन्य जीव के हमले से ही हुई है। पति सुकुमार राय के अनुसार, पारुल मंगलवार दोपहर जंगल में लकड़ी लेने गई थी। काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजन ने खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने मंगलवार देर शाम पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह बग्गा बीट क्षेत्र में ग्रामीणों ने जंगल के भीतर शव पड़ा देखा।

## महोफ रेंज के जंगल में बुजुर्ग महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी

### वन्यजीव हमले की आशंका, जांच में जुटा वन विभाग और पुलिस

पीलीभीत। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की महोफ रेंज के जंगल क्षेत्र में बुधवार सुबह एक 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण बाघ के हमले की आशंका जता रहे हैं, हालांकि वन विभाग ने अभी किसी वन्यजीव के हमले की पुष्टि नहीं की है। मृतका की पहचान पारुल राय (62) पत्नी सुकुमार राय, निवासी भद्र कॉलोनी, महोफ रेंज क्षेत्र के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला जंगल में लकड़ी बीनने गई थी। इसी दौरान उसके साथ यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही न्यूरिया थाना प्रभारी सुभाष मावी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

वन विभाग के अनुसार महिला का शव जंगल क्षेत्र में मिला है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उसकी मौत किसी वन्यजीव के हमले में हुई है या किसी अन्य कारण से। डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास घसीटने या किसी बड़े वन्यजीव की मौजूदगी के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल क्षेत्र में प्रवेश पर सख्त पाबंदी और लगातार चेतावनी के बावजूद लोग लकड़ी, चारा या अन्य जरूरतों के लिए जंगल में चले जाते हैं, जिससे इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं। वन विभाग ने एक बार फिर लोगों से अपील की है कि वे बिना अनुमति जंगल क्षेत्र में प्रवेश न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीव की मौजूदगी की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। फिलहाल पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 18 फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांधी प्रेक्षागृह में हुई तैयारी बैठक, नकलविहीन परीक्षा के निर्देश

पीलीभीत। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के लिए गांधी प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 69 परीक्षा केंद्रों पर 18 फरवरी 2026 से बोर्ड परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से 5:15 बजे तक संचालित होगी। हाईस्कूल में 23,451 एवं इंटरमीडिएट में 19,903 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

प्रश्नपत्रों की सुरक्षा हेतु अलग से स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की गई है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र सीसीटीवी कैमरों की उपस्थिति में खोले जाएंगे और परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को सील कराने की प्रक्रिया भी निगरानी में पूरी कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी नामित अधिकारी समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें और परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि की निगरानी सुनिश्चित करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व केंद्रों का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं एवं निर्धारित मानकों की जांच करेंगे। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधार कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं नकल की शिकायत मिलती है तो संबंधित पूरी टीम की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सचल दल प्रतिदिन भ्रमणशील रहेगा और परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा। परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त किसी अन्य कर्मचारी को मोबाइल रखने की अनुमति नहीं होगी। ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों के लिए आई-कार्ड अनिवार्य किया गया है। निरीक्षण के दौरान अनावश्यक व्यक्ति पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को संकलन केंद्र पर जमा कराया जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना कंट्रोल रूम नंबर 05882-299844 पर दी जा सकती है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से अपराध समीक्षा बैठक कर सभी थाना प्रभारियों को यक्ष एप उपयोग करने का दिया निर्देश



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा आगामी त्योहारों (महाशिवरात्री, होली, रमजान आदि) एवं यक्ष एप के प्रभावी संचालन के सम्बन्ध में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना/चौकी प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्धारित SOP का अनुपालन कराये जाने हेतु की गयी कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये गये। त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक समस्त तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं तथा पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराया जाये । साथ ही यक्ष एप जो एक हाईटेक, एआई आधारित मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसका उद्देश्य अपराधियों का डिजिटल डेटाबेस बनाकर उनकी रियलटाईम निगरानी सुनिश्चित कर अपराध को नियंत्रित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## चाची 20 साल छोटे भतीजे को लेकर भागी

**गोरखपुर।** गोरखपुर में 35 साल की चाची अपने से 20 साल छोटे भतीजे के साथ फरार हो गई। भतीजा 9वीं का छात्र है। उम्र 15 साल है। परिवारवालों ने पहले तो लोकलाज के डर से इस घटना को छिपाया और दोनों को खोजते रहे। जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस के पास गए। 10 दिनों के बाद लोकेशन मिलने पर पुलिस ने भतीजे को चाची के साथ पकड़ लिया। थाने लाकर घरवालों को सूचना दी गई। पूछताछ में पता चला कि चाची और भतीजा शादी की योजना बना रहे थे। करीब एक घंटे की पंचायत के बाद परिजन दोनों को समझाकर घर लेकर चले गए। घटना पीपीगंज थाना क्षेत्र की है। पीपीगंज थाना क्षेत्र में एक गांव निवासी 15 साल का लड़का 9वीं क्लास में पढ़ता है। उसके घर में माता-पिता के अलावा चाची और अन्य लोग रहते हैं। चाचा यूपी से बाहर रहकर काम करते हैं। इसी बीच छात्र का अपनी चाची से अफेयर हो गया। दोनों आपस में दिन भर बातें करते थे। रिश्ता भतीजा और चाची का था, इसलिए किसी को उन पर शक नहीं हुआ। 26 जनवरी को दोपहर में अचानक छात्र और चाची घर से लापता हो गए। जब देर रात तक घर नहीं लौटे तो लोगों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। फिर पीपीगंज थाने में गुमशुदगी लिखाई गई। छात्र के पिता ने पुलिस को बताया, मेरा बेटा और छोटे भाई की पत्नी अचानक लापता हो गए हैं। उनके साथ कुछ भी गलत हो सकता है।

## सड़क सुरक्षा माह : सड़कों पर चला जागरूकता कार्यक्रम, हेलमेट का महत्व बताया

**ललितपुर ।** सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को यातायात पुलिस ने शहर में बाइक सवारों को हेलमेट को लेकर जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह फेज 2 के तहत यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहन चालकों/आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के क्रम में वाहन चालकों आम जनमानस को निम्न बातों को ध्यान रखने हेतु प्रेरित किया गया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें। दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठकर ना चलें। बिना नंबर प्लेट के वाहन ना चलायें। नशे की हालत में वाहन ना चलायें। वाहन को ओवर स्पीड से ना चलायें। सड़क पर सदैव अपनी बायीं दिशा में चलें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। चार पहिया वाहन (कार) चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । वाहनो में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करे । नाबालिग को वाहन न चलाने दें । दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करके राजवीर बनें। प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलकर 213 वाहनों का चालान किया गया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का उपयोग न करने पर किया गये चालानो की संख्या- 73 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठने पर चालानो की संख्या- 21चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने पर किये गये चालानो की संख्या- 07 वाहन को नो पार्किंग में पार्क करने पर चालानों की संख्या-26 वाहन का बीमा न होने पर चालानों की संख्या- 17 बिना नंबर प्लेट/फाल्टी नंबर प्लेट-18 बिना बीमा वाहन संचालन-13 अन्य उल्लंघन पर- 38 किया।



## साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरूक

**ललितपुर।** जखौरा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में आमजन-मानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया ।




जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया ।

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें ।

किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।

किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।

कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें ।

सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें । साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में कार्यवाही की जा सके ।

## लखनऊ क्लब मैनेजर की थार गाड़ी में तोड़फोड़

**लखनऊ।** लखनऊ में चिनहट थाना क्षेत्र के लौलाई स्थित चंद्रिका विहार कॉलोनी में सोमवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने एक बार क्लब मैनेजर की थार गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और जमकर तोड़फोड़ की। अचानक हुई इस घटना से कॉलोनी के लोग सहम गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। पीड़ित की पहचान राजेंद्र मौर्य के रूप में हुई है। राजेन्द्र गोमतीनगर स्थित समिट बिल्डिंग में एक बार क्लब में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब 12:30 बजे उनकी ड्यूटी खत्म हुई थी। रोज की तरह वह घर लौटे और थार गाड़ी घर के बाहर खड़ी कर कपड़े बदलने के बाद सोने चले गए। कुछ ही देर बाद तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे उनकी नींद खुल गई।

# देवरिया : 7 साल की भतीजी की रेप के बाद हत्या

## देवरिया में खेत में दरिंदगी, लाश नदी में फेंकी; पत्नी बोली- मौत की सजा मिले

देवरिया। देवरिया में चाचा ने 7 साल की भतीजी की रेप के बाद हत्या कर दी। वो बच्ची को दुकान ले जाने के बहाने स्कूल से ले गया। वहां मासूम से दरिंदगी की। ब्लीडिंग और दर्द होने पर मासूम शोर मचाने लगी, तो गला दबाकर मार दिया और शव तालाब में फेंक दिया।

बच्ची जब लंच के बाद भी स्कूल नहीं लौटी, तो आरोपी को बुलाकर मासूम के बारे में पूछा गया। शक होने पर ग्रामीणों के साथ हेड मास्टर खेत की तरफ गए। वहां खून से सनी बच्ची की जींस मिली। खेत में खून के निशान भी मिले। पास की नदी में उसका शव उतराता मिला।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मासूम के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। जबकि आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। वारदात श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है।

### अब पढ़िए पूरा मामला

प्राथमिक स्कूल में 7 साल की बच्ची कक्षा एक में पढ़ती थी। रोज की तरह बुधवार सुबह स्कूल गई थी। करीब 10 बजे बच्ची का चचेरा चाचा विद्यासागर (35) स्कूल पहुंचा। उसने स्कूल के स्टाफ से बच्ची को दुकान ले जाकर शैंपू दिलाने और वापस स्कूल छोड़ने की बात कही।

बच्ची उसे पहचानती थी, जिसके चलते स्टाप ने उसे उसके साथ भेज दिया। विद्यासागर बच्ची को साइकिल पर बैठाकर गांव की दुकान पर ले गया। वहां उसने तंबाकू खरीदी और बच्ची को लेकर खेत की तरफ चला गया।

### लंच के बाद बच्ची नहीं मिली तो खोजबीन हुई

दोपहर करीब साढ़े 12 बजे लंच के बाद भी जब बच्ची स्कूल नहीं आई, तो हेड मास्टर रामबालक प्रसाद ने स्टाफ से पूछताछ की। स्टाफ ने भी बच्ची के वापस न आने की बात बताई तो आनन फानन में बच्ची के घर जाकर उसका पता लगाया गया।

### हेड मास्टर बोले- बच्ची घर पर नहीं मिली तो शक हुआ

हेड मास्टर रामबालक प्रसाद ने बताया- लंच के बाद बच्ची के न दिखने पर और घर न पहुंचने पर उसकी दादी और बाकी बच्चों से जानकारी ली गई। पूछताछ के बाद चाचा विद्यासागर को स्कूल पर बुलाया गया।

उसने बताया कि बच्ची को शैंपू खरीदकर घर भेज दिया था। लेकिन जब दुकानदार से पूछा गया तो उसने बताया कि उसने शैंपू नहीं तंबाकू खरीदी थी। बच्ची को लेकर खेत की तरफ गया था। ये सुनकर शक गहरा गया।

### बच्ची का शव उतराता हुआ मिला

हेड मास्टर स्कूल के टीचर और ग्रामीणों के साथ मिलकर आरोपी विद्यासागर को खेत की तरफ झरही नदी के किनारे ले गए। वहां खेत पर बच्ची की खून से सनी जींस मिली। जिसकी परिजनों ने पहचान की। इसके बाद बच्ची की तलाश की गई, तो झरही नदी में शव उतराता हुआ मिला। लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सूचना दे दी।

भाटपाररानी के सीओ अंशुमान और एएसपी साउथ सुनील सिंह समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में लिया गया। गांव के लोगों ने आरोपी के एनकाउंटर की मांग कर सड़क पर जाम लगा दिया। इसके बाद पुलिस अफसरों ने उन्हें समझाया।

करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा। इसके बाद आरोपी को जल्द से

## संक्षिप्त समाचार

### काहिरा में हिंदी सम्मेलन शुरू संस्कृति का सेतु बनी भाषा

**काहिरा , एजेंसी।** मिस्र की राजधानी काहिरा में रविवार को अफ्रीकी क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने ऐन शम्स विवि के सहयोग से इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। सम्मेलन का विषय गंगा से नील तक सांस्कृतिक संपर्क और सहयोग रखा गया है। भारतीय राजदूत सुरेश के रेड्डी की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ वैश्विक स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देना है।

### स्वीडन का भारतीय वायुसेना को ग्रिपेन लड़ाकू विमान देने का प्रस्ताव

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** स्वीडन की रक्षा कंपनी साब (एसएएबी) ने भारतीय वायुसेना को अपने अत्याधुनिक ग्रिपेन-ई लड़ाकू विमान की पेशकश की है। सिंगापुर एयर शो के दौरान कंपनी के उपाध्यक्ष मिकेल फ्रांजेन ने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के समक्ष दुनिया के सबसे उन्नत एयरोस्पेस उद्योग के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। इसमें डिजाइन, उत्पादन और रखरखाव के बहुस्तरीय चरण शामिल होंगे। फ्रांजेन ने दावा किया कि ग्रिपेन-ई बाजार में सबसे आधुनिक और लागत प्रभावी विमान है, जो राफेल और तेजस के साथ भारतीय बेड़े में पूरी तरह फिट होगा।

### न्यूजीलैंड में 51 मुस्लिमों की हत्या के आरोपी ने दोषसिद्धि को दी चुनौती

**क्राइस्टचर्च , एजेंसी।** न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में 2019 में 51 मुस्लिमों की हत्या करने वाले ब्रेंटन टैरेंट ने अब अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील की है। सोमवार को वेलिंगटन की अदालत में उसने दावा किया कि जेल की कठोर परिस्थितियों के कारण वह तर्कहीन हो गया था, जिससे उसे अपराध स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह चाहता है कि उसके दोष स्वीकार करने के फैसले को रद्द किया जाए। टैरेंट को बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, जिसे वह कम कराना चाहता है।

### पी. कुमारन छठे भारत-दक्षिण कोरिया विदेश नीति संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे

**सियोल, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्वी) पी. कुमारन 12 से 13 फरवरी तक दक्षिण कोरिया गणराज्य (आरओके) की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान वे दक्षिण कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्रालय की प्रथम उप विदेश मंत्री पार्क यून-जू के साथ छठे विदेश नीति और सुरक्षा संवाद (एफपीएसडी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले 17 जनवरी, 2023 को विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्वी) सौरभ कुमार ने 16-17 जनवरी, 2023 को दक्षिण कोरिया गणराज्य (आरओके) की आधिकारिक यात्रा की, जहां उन्होंने अपने आरओके समकक्ष, विदेश मंत्रालय के प्रथम उप विदेश मंत्री चो ह्युंडोंग के साथ 5वें विदेश नीति और सुरक्षा संवाद (एफपीएसडी) की सह-अध्यक्षता की, विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

### कांगो के गांव पर आईएस से जुड़े विद्रोहियों का हमला, 20 लोगों की हत्या

**किंशासा, एजेंसी।** पूर्वी कांगो में हिंसा की एक और बड़ी घटना सामने आई है। सेना के अनुसार इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने एक गांव पर हमला कर कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी। यह हमला सप्ताहांत में नॉर्थ किवु प्रांत के लुबेरो इलाके के मम्बिम्बी-इसिगो गांव में हुआ। हमले के बाद इलाके में दहशत फैल गई है और बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर भागे हैं। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि हमला एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज यानी एडीएफ गुट ने किया। हमलावरों ने पहले खेतों में काम कर रहे किसानों को निशाना बनाया और फिर गांव में घुसकर चाकू और बंदूक से हमला किया। स्थानीय सामाजिक संगठनों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग अब भी लापता हैं। एडीएफ ने हमले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। नागरिक समूहों ने इलाके में सेना की कम मौजूदगी पर सवाल उठाए हैं। पूर्वी कांगो में एडीएफ और रवांडा समर्थित एम23 जैसे कई सशस्त्र गुट सक्रिय हैं। एडीएफ ने 2019 में इस्लामिक स्टेट के प्रति निष्ठा जताई थी और वह अक्सर आम नागरिकों को निशाना बनाता है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के प्रमुख जीन-पियरे लैक्रोआ ने भी पूर्वी कांगो का दौरा शुरू किया है। इस साल की शुरुआत से ही इस क्षेत्र में एडीएफ हमलों में दर्जनों नागरिक मारे जा चुके हैं। क्षेत्र में मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है।

# गाजा में फिर गूंजे हवाई हमले, तीन की मौत; इस्राइल बोला- हमने सीजफायर उल्लंघन का दिया जवाब

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** गाजा पट्टी में युद्धविराम के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इस्राइल के ताजा हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों ने मौतों की पुष्टि की है। सीजफायर लागू होने के बावजूद हमले और जवाबी कार्रवाई की घटनाएं जारी हैं। इससे इलाके में शांति प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े हो गए हैं और हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं।



गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में हुए हमलों के बाद घायलों और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीन लोगों की मौत की जानकारी दी। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने रफाह शहर में अपने सैनिकों पर फायरिंग के जवाब में कार्रवाई की। सेना के मुताबिक यह युद्धविराम का उल्लंघन था और जवाब में 'सटीक निशानों' पर हमला किया गया।

**युद्धविराम के बावजूद जारी टकराव :** करीब चार महीने पहले अमेरिका समर्थित युद्धविराम समझौता लागू हुआ था। यह समझौता हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को रोकने के लिए बनाया गया था। इस योजना को मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्तावित 20 सूत्रीय ढांचे पर आगे बढ़ाया गया था। समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की अदला-बदली भी हुई। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर झड़पें और सैन्य कार्रवाई पूरी तरह नहीं रुकी।

**बंधक समझौता हुआ, पर बड़े मुद्दे बाकी :** समझौते के शुरुआती चरण में हमास ने अपने पास मौजूद सभी जीवित बंधकों को रिहा किया। बदले में इस्राइल ने हजारों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ा और कुछ शव भी लौटाए गए। लेकिन गाजा के भविष्य का प्रशासन कौन संभालेगा, सुरक्षा व्यवस्था कैसी होगी और राजनीतिक ढांचा क्या होगा, जैसे बड़े मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। इन सवालों पर अब भी मतभेद बने हुए हैं।

**वेस्ट बैंक पर इस्राइली फैसले से यूएन चिंतित :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस्राइल के वेस्ट बैंक में नियंत्रण बढ़ाने के फैसले पर चिंता जताई है। उनके प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे कदम दो-राष्ट्र समाधान की संभावना को कमजोर कर सकते हैं। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक में नियंत्रण गहरा करने और फलस्तीनी प्राधिकरण की शक्तियां घटाने वाले कदमों को मंजूरी दी है। इस्राइल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच ने कहा कि इससे फलस्तीनी राज्य की अवधारणा को और कमजोर किया जाएगा।

**रफाह बॉर्डर क्रॉसिंग फिर खुली, पर रफ्तार धीमी :** मिस्र से लगने वाला रफाह क्रॉसिंग पॉइंट हाल ही में दोबारा खोला गया है। गाजा प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि आवाजाही की प्रक्रिया अब धीरे-धीरे सुधर रही है। पहले हफ्ते में अव्यवस्था और देरी की शिकायतें आई थीं। यूरोपीय संघ मिशन के अनुसार अब तक सैकड़ों लोग पार कर चुके हैं, जिनमें मेडिकल मरीज भी शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य तंत्र के बुरी तरह प्रभावित होने के कारण करीब 20 हजार लोग इलाज के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा में बताए गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सीजफायर लागू होने के बाद भी सैकड़ों लोगों की मौत दर्ज हुई है। मंत्रालय का कहना है कि 7 अक्टूबर 2023 के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे। इसके बाद इस्राइल की सैन्य कार्रवाई में 72 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जाने का दावा किया गया है। संयुक्त राष्ट्र और कई स्वतंत्र विशेषज्ञ स्थानीय स्वास्थ्य आंकड़ों को संघर्ष के दौरान सबसे भरोसेमंद स्रोत मानते रहे हैं।

# अमेरिका ने बांग्लादेश पर टैरिफ 1% घटाया, कुछ गारमेंट प्रोडक्ट्स पर टैरिफ जीरो करने का वादा भी किया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने बांग्लादेश पर टैरिफ 20% से घटाकर 19% कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने कुछ कपड़ा और गारमेंट उत्पादों पर टैरिफ पूरी तरह खत्म करने का वादा किया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी जॉइंट स्टेटमेंट में कहा गया कि अमेरिका बांग्लादेशी उत्पादों पर लगाए गए 'रेसिप्रोकल टैरिफ' को 20% से घटाकर 19% कर देगा। ये टैक्स अमेरिका ने व्यापार में असंतुलन और उन तरीकों को लेकर लगाए थे, जिन्हें वह गलत मानता है। पहले अमेरिका ने बांग्लादेश से आने वाले सामान पर 37% टैक्स लगाने की घोषणा की थी। बाद में इसे घटाकर 20% किया गया था। अब नए समझौते के बाद यह टैक्स 19% हो जाएगा। बांग्लादेश के कुल निर्यात में कपड़ा और गारमेंट उद्योग की हिस्सेदारी करीब 80% है। यह उद्योग 2024 में हुए छात्र आंदोलन के बाद प्रभावित हुआ था, जिसमें देश की सरकार गिर गई थी। इसके बाद से यह सेक्टर फिर से संभलने की कोशिश कर रहा है। नए समझौते के तहत अमेरिका एक ऐसी सिस्टम बनाएगा, जिससे बांग्लादेश के कुछ कपड़ा और गारमेंट उत्पादों पर जीरे टैरिफ लगेगा। हालांकि यह सुविधा उन्हीं उत्पादों को मिलेगी, जिनमें अमेरिका से भेजा गया कपास या अन्य कच्चा माल इस्तेमाल किया गया होगा। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में बांग्लादेश ने अमेरिका को 8.4 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया, जबकि अमेरिका से बांग्लादेश का आयात 2.2 अरब डॉलर रहा।

# शबाना महमूद ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं, कश्मीरी मूल की हैं

**लंदन, एजेंसी।** एपस्टीन फाइल्स विवाद में अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। लेबर पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। हालांकि स्टार्मर ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है। शबाना महमूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मीरपुर मूल की है। 2025 में गृह मंत्री बनने वाली वह पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा।



मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने कहा कि यह नियुक्ति गलत थी। मैकस्वीनी ने माना कि उन्हें पता था कि मंडेलसन ने जेफ्री एपस्टीन का जेल जाने के बाद भी समर्थन किया था। मंडेलसन पर ये भी आरोप है कि उन्होंने ब्रिटेन के बिजनेस सेक्रेटरी रहते हुए एपस्टीन को मार्केट से जुड़ी संवेदनशील जानकारी शेयर की थी। मैकस्वीनी ने कहा कि इस फैसले से पार्टी, देश और राजनीति पर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। वहीं विपक्ष का कहना है पीएम स्टार्मर को मामले की जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा देना चाहिए।

# कौन बनेगा बांग्लादेश का प्रधानमंत्री? चुनाव से पहले सर्वे का नतीजा; क्या है भारत विरोधी जमात की हालत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले माहौल काफी गर्म हैं। इस बार बांग्लादेश में भारत विरोधी ताकतें भी चुनाव में पूरा जोर लगा रही हैं। वहीं अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग को बैन कर दिया गया है। अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की अगुआई में अंतरिम सरकार चल रही है। वहीं अब उम्मीद है।

**किसके बीच है मुकाबला :** इस बार बांग्लादेश में मुख्य मुकाबला पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की अगुआई वाली बीएनपी और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के बीच है। जमात-ए-इस्लामी का प्रमुख मुद्दा ही अल्पसंख्यकों और भारत के विरोध में रहता है। वहीं बीएनपी का अजेंडा भी भारत के समर्थन में कभी नहीं रहा है।



**क्या कहता है चुनाव पूर्व का सर्वे :** बांग्लादेश के अखबार प्रथोमोलो ने इस चुनाव को लेकर सर्वे करवाया है। इसके मुताबिक बीएनपी को 200 से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं और तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री हो सकते हैं। तारिक रहमान लंबे समय के बाद ब्रिटेन से बांग्लादेश लौटे है। सर्वे के मुताबिक बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी पूर्ण बहुतम मिल सकता है। वहीं भारत विरोधी जमात की हालत बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि वह विपक्ष की भूमिका अदा कर सकता है। जमात-ए-इस्लामी शफीकुर्रहमान के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। सर्वे में बताया गया है कि बीएनपी 200 से ज्यादा सीटें जीत सकती है वहीं, जमात-ए-इस्लामी 50 के आसपास सीटें जीत सकता है। बांग्लादेश की जातीय पार्टी के खाते में 3 सीटें जा सकती हैं। बाकी सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में जाने का अनुमान है। बता दें कि बांग्लादेश की संसद निर्वाचिन के लिए कुल सीटों की संख्या 350 है। 300 सदस्यों को जनता चुनती है और 50 सदस्यों का सीधा निर्वाचन होता है। भारत की तरह बांग्लादेश में भी सांसदों का कार्यकाल पांच साल का होता है। चुनाव के साथ ही जनमत संग्रह भी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अपने देश के लोगों से 12 फरवरी को आम चुनावों के साथ-साथ होने वाले जनमत संग्रह में 'हां' में वोट देने और उनके प्रस्तावित सुधार पैकेज का समर्थन करने की जोरदार अपील की। यूनुस ने सोमवार देर रात वरिष्ठ सचिवों और शीर्ष नौकरशाहों को संबोधित करते हुए कहा, ''यदि जनमत संग्रह के दौरान 'हां' में अधिक वोट मिलते हैं।

# सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, साउथ कोरिया में 2 लोगों की मौत

**सियोल, एजेंसी।** दुनियाभर में प्लेन क्रैश और हेलीकॉप्टर क्रैश के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। यात्री विमान ही नहीं, सेना के विमान भी हादसों से सुरक्षित नहीं हैं। आज, सोमवार, 9 फरवरी को साउथ कोरिया की सेना का एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया और प्रशिक्षण उड़ान के दौरान क्रैश हो गया। यह हादसा साउथ कोरिया के ग्योंग्गी प्रांत के गापेयोंग काउंटी ( में हुआ, जब सेना के 15वें एविएशन ग्रुप का एएच-1स कोबरा हेलीकॉप्टर अटैक बेस से लगभग 800 मीटर दूर एक नदी के किनारे क्रैश हो गया।



**2 लोगों की मौत :** साउथ कोरिया के ग्योंग्गी प्रांत के गापेयोंग काउंटी में सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश होने से उसमें सवार 2 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में सवार दोनों लोग (जूनियर वॉरंट ऑफिसर्स थे। हादसे के बाद दोनों को नज़दीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मामले की जांच शुरू :** साउथ कोरियाई सेना का हेलीकॉप्टर किस वजह से क्रैश हुआ, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हुआ है। सेना ने जांच के लिए इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम गठित की है, जो यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसे की क्या वजह थी। हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद आग नहीं लगी और न ही कोई धमाका नहीं हुआ।

# एपस्टीन फाइल्स से ब्रिटेन की सरकार पर संकट, पीएम स्टार्मर ने इस्तीफा देने से कर दिया इनकार

**लंदन, एजेंसी।** अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद 19 महीने पुरानी ब्रिटिश सरकार के लिए एक गंभीर संकट पैदा होने के बीच प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। वह लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। मैंडलसन को इस उच्च पदस्थ राजनयिक पद पर नियुक्त करने के निर्णय को लेकर प्रधानमंत्री पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने का आह्वान किया है। स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के नेता अनस सरवर ने भी प्रधानमंत्री स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है।

सरवर ने कहा कि ''ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए।'' ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही प्रधानमंत्री आवास है। सरवर लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने स्टार्मर से इस्तीफा देने का आह्वान किया है।



स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ और उनके संचार निदेशक ने भी इस्तीफा दे दिया है। इस बीच, प्रधानमंत्री के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि स्टार्मर का पद छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा, ''मैंने आज तक जितने भी संघर्ष किए हैं, उन सबमें जीत हासिल की है।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।'

**चीफ ऑफ स्टाफ दे चुके हैं इस्तीफा :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के 'चीफ ऑफ स्टाफ' ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों के बावजूद अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर विवाद के बीच रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के 'चीफ ऑफ स्टाफ' मॉर्गन मैकस्वीनी ने कहा कि 2024 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त करने का निर्णय 'गलत' था और वह स्टॉर्मर को ऐसा करने की सलाह देने के लिए 'पूरी जिम्मेदारी' लेते हैं।

# कनाडा में कर्नाटक के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दिनदहाड़े हत्या, गोलियों से कार छलनी

**टोरंटो , एजेंसी।** कनाडा के टोरंटो शहर में कर्नाटक के रहने वाले 37 साल के एक भारतीय सॉफ्टवेयर पेशेवर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने इस वारदात को शनिवार दोपहर टोरंटो के एक व्यस्त शॉपिंग मॉल के पार्किंग लॉट में अंजाम दिया। इससे पूरे भारतीय प्रवासी समुदाय में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में हुई है, जो टोरंटो के ग्रेटर टोरंटो एरिया में ब्रैम्पटन का निवासी थे। मूल रूप से वह कर्नाटक के बैंगलोर ग्रामीण जिले के नेलमंगला के पास स्थित थ्यामागोंडलु गांव के रहने वाले थे। चंदन पिछले छह साल से कनाडा में रह रहे थे और एल एंड टी की सहायक कंपनी एलटीआई माइंडट्री में काम कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने बैंगलोर में कॉग्निजेंट के साथ काम किया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है। चंदन अपनी कार के अंदर बैठे थे। तभी हमलावरों ने वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के प्रवेश द्वार के पास अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। टोरंटो पुलिस सेवा के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो चंदन को कई गोलियां लगी हुई थीं। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। वारदात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें चंदन की सफेद कार बुलेट के निशानों से छलनी नजर आ रही है।

टोरंटो पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे 'टारगेटेड अटैक' माना है। फिलहाल अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। टोरंटो पुलिस सेवा के इंस्पेक्टर एरोल वॉटसन ने कहा, 'यह एक गंभीर घटना है, खासकर एक मॉल में इस तरह की गोलीबारी सार्वजनिक सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। हमारी टीम



हत्यारों की तलाश कर रही है। थ्यामागोंडलु गांव में चंदन के माता-पिता अपने इकलौते बेटे की मौत की खबर से पूरी तरह टूट चुके हैं। चंदन के पिता नंदकुमार ने मीडिया को बताया, 'हमने पिछले शुक्रवार को उससे बात की थी। उसने कहा था कि वह इस गर्मी में छुट्टी लेकर घर आएगा। हम उसकी शादी की योजना बना रहे थे। हम पूरी तरह से तबाह हो गए हैं।' परिजनों ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि चंदन बार-बार भारत लौटने की योजना टाल रहा था। पिता ने अफसोस जताते हुए कहा, 'अगर उसने हमारी बात मान ली होती और वापस आ गया होता, तो वह आज हमारे साथ होता।

परिवार के कुछ रिश्तेदारों ने चंदन की हत्या के पीछे एक अलग ही आशंका जताई है। परिजनों का मानना है कि चंदन टोरंटो में एक कन्नड़ एसोसिएशन बनाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से लगा हुआ था, जो हत्या का कारण हो सकता है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस संबंध में किसी स्पष्ट मकसद का संकेत नहीं दिया है।

इस घटना पर कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'यह घटना बेहद परेशान करने वाली है। हमने एक कन्नडिगा (कर्नाटक का निवासी) को खो दिया है। हमारे पुलिस विभाग ने पहले ही शव को वापस लाने के लिए विदेश मंत्रालय से सहायता मांगी है।' वहीं, चिक्काबल्लापुर के सांसद डॉ. के. सुधाकर ने कहा कि वह विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि चंदन के शव को भारत वापस लाने की प्रक्रिया को तेज किया जा सके। आपको बता दें कि यह टोरंटो में इस साल की तीसरी हत्या है, जिसने कनाडा और कर्नाटक दोनों जगह कन्नडिगा समुदाय के बीच शोक और आक्रोश को जन्म दिया है।

# टी20 विश्वकप : नामीबिया के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम गुरूवार को नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के टी20 विश्वकप मुकाबले में बड़ी जीत के साथ ही लय हासिल करने उतरेगी। भारतीय टीम को अपने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा था। वहीं इस मैच में उसका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर आसान जीत हासिल करना रहेगा। इस बार कमजोर टीमों ने भी सभी को हैरान किया है इसलिए भारतीय इस मुकाबले को हल्के में नहीं लेगी। भारतीय टीम को इसके बाद पाकिस्तान से भी खेलना है। ऐसे में इस मैच से उसे अभ्यास को भी अच्छा अवसर मिलेगा।

भारतीय टीम को पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ कप्तान सूर्यकुमार यादव की पारी से जीत मिली थी पर इस मैच में सभी अन्य बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना पड़ेगा। भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तबियत ठीक नहीं है और इस कारण वह इस मैच में नहीं खेलेंगे। ऐसे में ईशान किशन और संजू सैमसन पारी की शुरआत कर सकते हैं। इसस मैच में रिंकू सिंह और अक्षर पटेल को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी में भी भारतीय टीम को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की इस मैच में वापसी तय है। ऐसे में अलावा मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह में से किसी को बाहर बैठना होगा। वहीं दूसरी ओर नामीबिया को शुरू से ही आक्रामक होना होगा और स्ट्राइक रोटेट करनी होगी, और ऐसी साझेदारी बनानी होगी जिससे वे एक बड़ा स्कोर बना सकें या उसका पीछा कर सकें। उनके गेंदबाजों के लिए भारतीय बल्लेबाजों को रोकना बेहद कठिन हरेगा।

### भारत अंतिम ग्यारह

सूर्यकुमार यादव (कप्तान),इशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

# सचिन ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर बेटे अर्जुन की शादी का निमंत्रण दिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आज अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अपने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उनकी होने वाली बहू सानिया चंडोक भी साथ में थीं। इस मुलाकात की तस्वीरें स्वयं सचिन ने सोशल मीडिया पर साझा कीं हैं।

सचिन ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीरें जारी करते हुए इसे परिवार के लिए सम्मान की बात बताया। उन्होंने लिखा कि अर्जुन और सानिया की शादी का आमंत्रण प्रधानमंत्री को देकर पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सचिन ने युवा जोड़े के लिए प्रधानमंत्री के आशीर्वाद और उनकी सलाह के लिए भी आभार जताया। पोस्ट में पूरे परिवार के साथ प्रधानमंत्री की तस्वीरें और अर्जुन-सानिया के साथ एक विशेष तस्वीर भी शामिल थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुन और सानिया की शादी से जुड़े कार्यक्रम मार्च के पहले हफ्ते में शुरू होंगे। शादी की रस्में 3 मार्च से शुरू होने की संभावना है, जबकि 5 मार्च को विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। शादी में केवल परिवार के करीबी सदस्य और दोस्त ही शामिल होंगे। समारोह मुंबई में आयोजित किए जाने की चर्चा है। सानिया मुंबई के जाने-माने कारोबारी रवि घई की पोती हैं। सानिया ने अपनी पेशेवर पहचान खुद बनाई है और कारोबार व शिक्षा दोनों क्षेत्रों में सक्रिय रही हैं। इस दंपत्ति ने पिछले साल अगस्त में बेहद निजी समारोह में सगाई की थी, जिसमें केवल करीबी लोग मौजूद थे। वहीं अर्जुन सचिन तेंदुलकर आईपीएल के अलावा घरेलू क्रिकेट में गोवा से खेलते हैं।

# ज़म्पा और एलिस के 'चक्रव्यूह' में फंसा आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया की 67 रनों से बड़ी जीत




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड पर शानदार जीत दर्ज की और मेहमान टीम को मात्र 115 रनों पर रोककर 67 रनों से विजयी रही। अनुशासित गेंदबाजी और बल्लेबाजों के महत्वपूर्ण योगदान के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और अपने अभियान की मजबूत शुरुआत की। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग संभावित रूप से हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण सिर्फ एक रन बनाकर संन्यास ले लिया। दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैरी टेक्टर तीन गेंदों में शून्य पर आउट हो गए।

तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज नाथन एलिस द्वारा आउट किए जाने के बाद सलामी बल्लेबाज रॉस एडायर 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार शुरुआत की और आयरलैंड का स्कोर 13/2 हो गया। कर्टिस कैम्फर (4), बेंजामिन कैलिट्ज़ (2) और गैरेथ डेलानी (11) के विकेट गिरने के बाद आयरलैंड ने जल्दी-जल्दी तीन विकेट गंवा दिए और सातवें ओवर के अंत तक आयरलैंड का स्कोर 43/5 हो गया।

लोरकान टकर और जॉर्ज डॉकरेल ने 46 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन 14वें ओवर में एडम ज़म्पा ने टकर को 24 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने निचले क्रम के सभी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर 67 रनों से जीत हासिल की और टी20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस (4/12) और एडम ज़म्पा (4/23) ने चार-चार विकेट लिए। मैथ्यू कुहनेमैन (1/29) भी विकेट लेने वालों में शामिल थे। इससे पहले, मार्कस स्टोइनिस की जुझारू पारी, जिसमें जोश इंग्लिस और मैट रेनशॉ का महत्वपूर्ण योगदान रहा, ने ऑस्ट्रेलिया को 182/6 के स्कोर तक पहुँचाया। स्टोइनिस अपनी टीम के लिए 29 गेंदों में 45 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि इंग्लिस और रेनशॉ ने 37-37 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। हेड और जोश इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत की। हेड पहले ओवर में चौका लगाने के बाद दूसरे ओवर में छह रन बनाकर रन आउट हो गए। पहले ओवर में पांचवीं गेंद पर कैलिट्ज़ ने पॉइंट पर उनका कैच छोड़ दिया था। इंग्लिस और कैमरन ग्रीन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और दोनों ने आयरिश गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। ग्रीन ने 11 गेंदों में 21 रन बनाकर तेज शुरुआत की, लेकिन इसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके क्योंकि पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर मार्क एडायर ने मिड-विकेट पर उन्हें आउट कर दिया।

# टी20 वर्ल्ड कप: दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में हासिल की जीत

**–4 रनों से हारा अफगानिस्तान**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने यहां हुए बेहद रोमांचक आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में अफगानिस्तान को दूसरे सुपर ओवर में चार रनों से हरा दिया। इस प्रकार अफगान टीम जीत के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी। इस मैच में जीत के लिए मिले 188 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 13 रन चाहिए थे पर मैच टाई रहा। इसके बाद सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने भी ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर मैच टाई कर दिया। इसके बाद दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने 23 रन बजाया जिसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम 19 रन ही बना सकी और मुकाबला मुकाबला हार गयी।

इससे पहले - क्विंटन डिकॉक और रयान रिकल्टन के अर्धशतकों से दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 187 रन बनाए हैं। । इस मैच में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान एडन मार्करम 8 गेंद पर 5 रन बनाकर शुरुआत में ही फजलहक फारुखी की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद डिकॉक और रिकल्टन ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर पारी को संभाला।

डिकॉक और रिकल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन बनाये। इसके बाद अफगान टीम के कप्तान राशिद खान ने डिकॉक और रिकल्टन को एक ही ओवर में आउट कर दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बना दिया।

डिकॉक ने 41 गेंदों पर 3 छक्कों और 5 चौकों की सहायता से 59 रन बनाये जबकि रिकल्टन ने 28 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों की सहायता से 61 रन बनाये। डेवाल्ड ब्रेविस ने 23 रन बनाये। ट्रिस्टन स्टब्स केवल एक रन ही बना पाये।



डेविड मिलर ने अंत में 15 गेंद पर 20 रन और मार्को जानसेन ने 7 गेंद पर 16 रन बनाकर पारी को 187 तक पहुंचाया।

अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने 28 रन देकर 2 विकेट जबकि फजलहक फारुखी ने 4 ओवर में 32 रन देकर 1 विकेट लिया। अजमतुल्ला ओमरजाई ने 41 रन देकर 3 खिलाड़ियों को आउट किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की ओर से सलामी बल?लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने अर्धशतक लगाया। गुरबाज ने 84 रन बनायसे। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 छक्के और 4 चौके लगाए। ओपनर इब्राहिम जादरान ने 12 रन लगाए। मध्य क्रम में किसी भी बैटर का बल्ला नहीं चला।

गुलबदीन नायब और सिद्दीकुल्लाह अटल का खाता तक नहीं खुला। दरविश रसूली 15 के स?कोर पर रन आउट हुए। अजमतुल्लाह उमरजई ने 22, मोहम्मद नबी ने 5 और राशिद खान ने 12 गेंदों पर 20 रन जड़े। मुजीब उर रहमान भी बिना कोई रन बनाए वापस लौटे। नूर अहमद ने 9 गेंदों पर 15 रन जड़कर मुकाबले को सुपर ओवर में पहुंचा दिया। इस दौरान नूर ने 2 सिक्स लगाए।

# अभिषेक शर्मा को अस्पताल से मिली छुट्टी

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट ओपनर अभिषेक शर्मा को पेट में संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहने के बाद छुट्टी मिल गई है लेकिन नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को होने वाले टी20 वर्ल्ड कप मैच में उनका खेलना अभी तय नहीं है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा ने कहा कि अभिषेक के खेलने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। तिलक वर्मा ने पत्रकारों से कहा, 'अभिषेक को आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। कल के मैच में उसके खेलने पर फैसला लेने के लिए अभी समय है।अभिषेक अमेरिका के खिलाफ शनिवार को मुंबई में खेले गए पहले मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए थे और इसके बाद उन्होंने मैच में आगे हिस्सा नहीं लिया था। उनकी जगह संजू सैमसन ने फील्डिंग की थी। माना जा रहा है कि मैच के दौरान उनकी तबीयत खराब थी और दिल्ली पहुंचने के बाद और बिगड़ गई।



# अर्शदीप नामीबिया के खिलाफ 4 विकेट लेते ही तोड़ देंगे अश्विन का रिकार्ड




नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप मुकाबले में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। अर्शदीप इस मैच में अगर चार विकेट लेते हैं तो वह दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के भारत की ओर से विश्वकप में सबसे अधिक 32 विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ देंगे। अभी अर्शदीप के नाम 29 विकेट हैं। अर्शदीप ने अब तक 15 टी20 विश्व कप मैच खेले हैं, जिनमें 29 विकेट लिए हैं। अर्शदीप ने 2022 में पहली बार टी20 विश्व कप खेला था। इसके बाद 2024 में वह विजेता टीम का हिस्सा रहे और अब अपना तीसरा टी20 विश्व कप खेल रहे हैं। टी20 विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज अश्विन रहे हैं। अश्विन ने 24 मैचों में 32 विकेट लिए हैं। वहीं ओवरऑल गेंदबाजों की सूची में अर्शदीप 19वें स्थान पर और अश्विन 13वें स्थान पर हैं। साल 2007 से खेले जा रहे टी20 विश्व कप में अभी तक शीर्ष पांच में एक भी भारतीय गेंदबाज शामिल नहीं है। विश्वकप में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह ने कुल 26 विकेट लिए हैं।

# टी20 विश्व कप बहिष्कार का फैसला बांग्लादेश सरकार का नहीं क्रिकेट बोर्ड का था : नजरुल

**ढ़ाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा है कि टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के बहिष्कार में सरकार की कोई भूमिका नहीं थी और ये फैसला पूरी तरह से क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने लिया था। इससे पहले बीसीबी ने कहा था कि वह सुरक्षा कारणों से भारत में विश्वकप नहीं खेलेगा। जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी जगह पर स्काटलैंड को शामिल कर लिया। तब उस समय कहा जा रहा था कि टी20 विश्व कप में भाग नहीं लेने की बात सरकार ने कही थी और इसलिए बीसीबी ने नहीं खेलने का फैसला किया। वहीं अब खेल सलाहकार के अनुसार ये फैसला क्रिकेट बोर्ड और उनके खिलाड़ियों का था। उन्होंने राष्ट्र के सम्मान के लिए विश्व कप तक को छोड़ दिया।






वहीं गत माह जनवरी में खिलाड़ियों से मिलने के बाद, नजरुल ने साफ कहा था कि बांग्लादेश के विश्व कप में भाग लेने का फैसला सरकार के रुख पर आधारित रहेगा।

जनवरी में नजरुल ने मीडिया से कहा, 'बैठक का मकसद बस खिलाड़ियों को यह समझाना था कि सरकार ने यह फैसला क्यों लिया। मुझे लगता है कि वे समझ गए थे। यही मकसद था और कुछ नहीं। मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम विश्व कप में खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है।'

वहीं अब नजरुल ने कहा, विश्व कप में नही खेलने पर कोई दुख नहीं है। यह फैसला बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था, क्योंकि उन्होंने देश के क्रिकेट की सुरक्षा, लोगों की सुरक्षा और देश की इज्ज़त की रक्षा के लिए कुर्बानी दी थी। आईसीसी ने भी कहा है कि कोई प्रतिबंध नहीं लगेग और बांग्लादेश को आगे भी मेजबानी मिलेगी। ये हमारे बोर्ड के कड़े रुख की जीत है।

# टी20 विश्वकप से बाहर हुए न्यूजीलैंड के ब्रेसवेल, मैककॉनची शामिल

नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं। ब्रेसवेल का बाहर होना कीवी टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि वह अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। ब्रेसवेल के बांए पैर की पिंडली की पुरानी चोट अभ्यास के दौरान उभर आई। जांच में उनकी चोट गंभीर पायी गयी है। विशेषज्ञों के अनुसार उन्हें पूरी तरह फिट होने में तकरीबन तीन सप्ताह का समय लगेगा। ऐसे में वह विश्वकप में नहीं खेल पायेंगे। उनकी जगह पर अब ऑफ–स्पिन ऑलराउंडर कोल मैककॉनची को टीम में शामिल किया गया है।वह 13 फरवरी को टीम से जुड़ेंगे। ब्रेसवेल को पिछले माह जनवरी में भारत दौरे के समय तीसरे एकदिवसीय के दौरान भी चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम पूरा किया था पर वापसी के बाद उनकी चोट फिर उभर आई। उनकी जगह पर शामिल मैककॉनची ने अंतिम बार अप्रैल 2024 में न्यूजीलैंड की ओर से खेला था। घरेलू टी20 सर्किट में उन्होंने 14 विकेट लिए और इस दौरान उनकी इकॉनमी रेट 7.71 रही। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा हम सभी ब्रेसवेल के लिए दुखी हैं। विश्वकप से बाहर होना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता है। न्यूजीलैंड के लिए खेलना उनके लिए बहुत अहम होता है। उन्होंने वापसी के लिए काफी प्रयास किया पर वह फिर चोटिल हो गए। हम उनके शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। न्यूजीलैंड की टीम को 14 फरवरी को ग्रुप डी में अपने तीसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करना है। अब देखना है कि इसमें मैककॉनची किसने सफल रहते हैं।

# मारिन सिलिच 600 जीत हासिल करने वाले बने दूसरे सक्रिय खिलाड़ी बने



डलास । मंगलवार को नेक्सो डलास ओपन में लर्नर टिएन के खिलाफ मिली मारिन सिलिच की 600वीं टूर–लेवल जीत, उनकी कंसिस्टेंसी और लंबे समय तक टिके रहने की झलक है, इन खूबियों ने उन्हें आज के महान खिलाड़ियों में जगह बनाने में मदद की है। एटीपी टूर पर दो दशकों में, जिसका ज़्यादातर हिस्सा 'बिग थ्री' युग में मुकाबला करते हुए बीता, क्रोएशियाई खिलाड़ी न केवल टिका रहा, बल्कि आगे भी बढ़ा है। 37 साल के सिलिच इस खेल के सबसे कड़े कॉम्पिटिटर में से एक हैं, जिनके पास उतनी ही जबरदस्त बेसलाइन फायरपावर है। साथ ही, 21 बार टूर–लेवल टाइटल जीतने वाले सिलिच शांत अंदाज़, आसान मुस्कान और सच्ची दयालुता के बीच संतुलन बनाते हैं, जो खिलाड़ियों और फैंस दोनों को पसंद आता है। सिलिक के नाम सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरी सबसे ज़्यादा जीत हैं, जो सिर्फ़ नोवाक जोकोविच (1,168 और गिनती जारी है) से पीछे हैं। अपनी 600वीं टूर–लेवल जीत हासिल करके, सिलिच अब तक के सबसे ज़्यादा जीत हासिल करने वाले क्रोएशियाई खिलाड़ी बन गए, उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 गोरान इवानिसेविच को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने अपने शानदार करियर में 599 टूर–लेवल जीत हासिल की थीं। सिलिच के करियर की एक खास बात 2014 में यूएस ओपन में आई, जहां उन्होंने अपनी पहली बड़ी ट्रॉफी उठाई। सिलिच ने फाइनल में जापान के केई निशिकोरी को हराया, इसके कुछ ही पहले उन्होंने सेमीफ़ाइनल में पाँच बार के चैंपियन रोजर फेडरर को हराया था। यह जीत फ़ेडरर के ख़िलाफ सिलिच की 11 एटीपी हेड2हेड भिड़ंत में अकेली जीत थी।

सबसे ज्यादा टूर–लेवल जीत प्लेयर जीत (सक्रिय खिलाड़ी)

नोवाक जोकोविच – 1,168, मारिन सिलिच – 600, स्टेन वावरिंका – 586, गाएल मोंफिल्स – 583, अलेक्जेंडर ज्वेरेव – 526

# आईसीसी रैंकिंग : अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर कायम, सिकंदर रजा बने नंबर 1 ऑलराउंडर

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी की ताजा टी20आई रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार है। ओपनर अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की सूची में नंबर 1 स्थान पर बने हुए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। इस बीच जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच जारी इन रैंकिंग्स ने क्रिकेट जगत में नई चर्चा छेड़ दी है।

### बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा का जलवा

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 909 रेटिंग अंकों के साथ टी20आई बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के फिल साल्ट (821), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (769), इंग्लैंड के जोस बटलर (766) और श्रीलंका के पथुम निसांका (754) को पीछे छोड़ रखा है। रैंकिंग में अन्य खिलाड़ियों ने भी छलांग लगाई है। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कुसल मेंडिस ने छह स्थान की बढ़त लेकर 12वां स्थान हासिल किया। स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुनसे, भारत के ईशान किशन और नीदरलैंड्स के माइकल लेविट ने भी उल्लेखनीय सुधार किया है।

### गेंदबाजों की सूची में वरुण चक्रवर्ती आगे

टी20आई गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर बने हुए हैं और पाकिस्तान के अबरार अहमद से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। चक्रवर्ती की लगातार प्रभावी गेंदबाजी ने उन्हें नंबर 1 बनाए रखा है। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा ने एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवां स्थान हासिल किया है और वह टॉप 10 में सबसे बड़ा बदलाव करने वाले गेंदबाज हैं। इसके अलावा, अर्शदीप सिंह (तीन स्थान ऊपर, 11वें), सलमान मिर्जा (नौ स्थान ऊपर, 13वें), ब्रैड इवांस (16 स्थान ऊपर, 15वें), मिशेल सेंटनर (चार स्थान ऊपर, 19वें) और ब्रैडली करी (25 स्थान ऊपर, 24वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

### सिकंदर रजा बने नंबर 1 टी20आई ऑलराउंडर

जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने ICC मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। कोलंबो में ओमान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रजा ने गेंद और बल्ले दोनों से अहम योगदान दिया। उन्होंने चार ओवर में 1/17 का किफायती स्पेल डाला, जिससे ओमान की टीम सिर्फ 103 रन पर सिमट गई। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए रजा ने विजयी रन बनाकर टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ और उन्होंने पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि उन्होंने पहली बार पिछले साल के अंत में पाई थी और अब दोबारा नंबर 1 बन गए हैं।






# धवन बने दिल्ली खेल महाकुंभ के ब्रांड एम्बेसडर



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन को खेल महाकुंभ का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि धवन ने दिल्ली सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए स्वयं यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने धवन का आभार जताते हुए दिल्ली के खिलाड़ियों के प्रति उनके योगदान की प्रशंसा की है। दिल्ली सरकार को भरोसा है कि धवन के मार्गदर्शन और प्रेरणा से युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह जगेगा और उन्हें नई पहचान मिलेगी। दिल्ली खेल महाकुंभ 13 फरवरी से शुरू होगा। इस दौरान उद्घाटन समारोह से लेकर पूरे आयोजन के दौरान धवन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे। धवन ने कहा कि दिल्ली ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और अब उसे लौटाने का समय आ गया है। इस कारण वह अपने योगदान के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए अच्छा मंच तैयार किया है जिसमें वह अपना पूरा सहयोग देंगे।

# देश में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले घटी

*यह गिरावट ग्रामीण पुरुष और महिला दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी के कारण आई*

**नई दिल्ली।** भारत में 15 साल और उससे ऊपर के लोगों में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले कमी आई है। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों में दी गई। आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर 2025 में घटकर 4 फीसदी हो गई, जो पिछली तिमाही में 4.4 फीसदी थी। यह गिरावट ग्रामीण पुरुष और महिला दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक 15 साल और उससे ज्यादा आयु के शहरी व्यक्तियों की बेरोजगारी दर पिछली तिमाही के 6.9 फीसदी की तुलना में घटकर 6.7 फीसदी हो गई। यह गिरावट शहरी पुरुषों की बेरोजगारी दर में कमी के कारण हुई, जो जुलाई-सितंबर के आंकड़े 6.2 फीसदी से घटकर अक्टूबर-दिसंबर 2025 में 5.9 फीसदी हो गई। अक्टूबर-दिसंबर में 15 साल और उससे ज्यादा आयु के व्यक्तियों की समग्र श्रम बल सहभागिता दर बढ़कर 55.8 फीसदी हो गई, जो पिछली तिमाही के 55.1 फीसदी से ज्यादा है। यह रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है।

15 साल और उससे ज्यादा आयु की महिलाओं की एलएफपीआर में अक्टूबर-दिसंबर 2025 में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई और यह 34.9 फीसदी तक पहुंच गई, जबकि जुलाई-सितंबर 2025 के दौरान यह 33.7 फीसदी थी। रोजगार का एक अन्य सूचक, 15 साल और उससे ज्यादा आयु के व्यक्तियों का श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), जुलाई-सितंबर 2025 में 52.2 फीसदी से बढ़कर अक्टूबर-दिसंबर 2025 में 53.1 फीसदी हो गया। अप्रैल-जून 2025 से अक्टूबर-दिसंबर 2025 के दौरान, 15 साल और उससे ज्यादा आयु के व्यक्तियों का ग्रामीण डब्ल्यूपीआर दोनों लिंगों में लगातार बढ़ता रहा। कृषि क्षेत्र ग्रामीण रोजगार में अपना दबदबा बनाए रखने में सफल रहा, इस तिमाही के दौरान 15 साल और उससे ज्यादा आयु के नियोजित व्यक्तियों में से 58.5 फीसदी कृषि क्षेत्र से संबंधित थे, जो पिछली तिमाही के 57.7 फीसदी से ज्यादा है।

# बीएलएस कंपनी ने किया अपने शेयरधारकों को 200 फीसदी का डिविडेंड देने का ऐलान

**यह फैसला कंपनी की मजबूत आर्थिक स्थिति और बेहतर कैश फ्लो की वजह से लिया**




**नई दिल्ली।** एआई और टेक सेक्टर से जुड़ी कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को 200 फीसदी का अंतरिम डिविडेंड देने का ऐलान किया है यानी हर इक्विटी शेयर पर 2 रुपए। कंपनी इस बार कुल 82.35 करोड़ रुपए डिविडेंड के तौर पर बांटेगी। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा अंतरिम डिविडेंड है। कंपनी के मुताबिक यह फैसला कंपनी की मजबूत आर्थिक स्थिति और बेहतर कैश फ्लो की वजह से लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीएलएस सरकारों और आम लोगों के लिए एआई और टेक्नोलॉजी सेक्टर सर्विस के लिए काम करती है। साथ ही कंपनी फ्यूचर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में भी लगातार निवेश कर रही है। कंपनी ने तीसरी तिमाही में जबरदस्त रिजल्ट दिखाया। बीती तिमाही कंपनी का रेवेन्यू 736 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही से 43.6 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने बिजनेस वीजा और कंसुलर सर्विसेज व डिजिटल सर्विसेज में अच्छी तेजी दिखाई। अगर कंपनी के मुनाफे की बात करें तो बीती तिमाही यह 170 करोड़ रुपए रहा, जहां साल-दर-साल 33.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बीती तिमाही भी 25.3 फीसदी का उछला आया। कंपनी का कहना है कि ऑपरेशनल कैपेसिटी और खर्चों पर काबू रखने की वजह से मुनाफा अच्छा रहा।

कंपनी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि 9 महीनों का परफॉर्मेंस स्थिर और मजबूत रहा। करीब पूरा वित्त वर्ष 2025 का टॉपलाइन और बॉटमलाइन लेवल मैच कर रहा है। खासकर इस तिमाही में दोनों सेगमेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दावा किया कि बीएलएस इंटरनेशनल लगातार नए कॉन्ट्रैक्ट्स को अपने पाले में कर रही है, वहीं पुराने कॉन्ट्रैक्ट्स को भी रिन्यू कर रही है।

उन्होंने कहा कि कंपनी टेक्नोलॉजी से जुड़े नई चीजें तेजी से अपना रही है आधारित नए कदम उठा रही है, जिससे आगे भी बेहतर परिणाम आ सकते हैं।

# लोगों के मन में डर और कन्फ्यूजन कम करने सरकार बना रही नया इनकम टैक्स एक्ट

**बदलाव अचानक नहीं होंगे, धीरे-धीरे नए सिस्टम की तरफ बढ़ेगा, 1 अप्रैल से होगा लागू**

**नई दिल्ली।**

इनकम टैक्स को लेकर लोगों के मन में डर और कन्फ्यूजन को कम करने की सरकार तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही नए इनकम टैक्स नियमों को नोटिफाई करने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये नियम मार्च के पहले हफ्ते में जारी हो सकते हैं। साथ ही नया नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू हो जाएगा। बता दें नया इनकम टैक्स एक्ट पहले ही पास हो चुका है, लेकिन आम लोगों के लिए असली तस्वीर इन नियमों से ही साफ होगी। सैलरी पाने वाले कर्मचारियों से लेकर निवेशकों और विदेश से कमाई करने कमाने वालों तक, सभी को इन्हीं नियमों के आधार पर अपने टैक्स की प्लानिंग करनी होगी।

सरकार का दावा है कि बदलाव अचानक नहीं होंगे। धीरे-धीरे नए सिस्टम की तरफ बढ़ा जाएगा, ताकि टैक्सपेयर्स पर बेवजह का दबाव न पड़े। आने वाले नियम तय करेंगे कि टैक्स सिस्टम कितना आसान और पारदर्शी है। नए नियमों के साथ टैक्स सिस्टम में बड़ा बदलाव आने वाला है। पुराना फाइनेंशियल ईयर और असेसमेंट ईयर वाला सिस्टम अब खत्म हो जाएगा। अब 'टैक्स ईयर' की बात होगी, जो आमतौर पर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। ये बदलाव धीरे-धीरे आएगा, मतलब पहले कमाए हुए इनकम पर रिटर्न फाइलिंग में कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा। सरकार का मकसद साफ-सुथरा और आसान सिस्टम बनाना है। नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे, लेकिन पहले साल के रिटर्न बाद में जुलाई 2027 में फाइल होंगे। इससे टैक्सपेयर्स को अचानक बदलाव का बोझ नहीं पड़ेगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सैलरी पाने वाले लोगों के लिए सबसे अच्छी खबर ये है कि नए नियमों में पर्क्स यानी नौकरी के साथ मिलने वाले फायदों पर साफ नियम बन रहे हैं। जैसे कि कंपनी की तरफ से फ्री या सस्ता घर, कंपनी कार और ड्राइवर, बिजली-पानी-गैस के बिल, क्लब मेंबरशिप, गिफ्ट्स और वाउचर्स आदि पर टैक्स कैसे लगेगा, ये सब साफ होगा। खास तौर पर गिफ्ट्स और वाउचर्स पर नियम साफ हैं। अगर कर्मचारी की तरफ से साल भर में गिफ्ट, वाउचर या टोकन 15,000 रुपए तक हैं, तो टैक्स नहीं लगेगा। इससे ज्यादा हुआ तो टैक्स लगेगा। पहले ये लिमिट कम थी और काफी कन्फ्यूजन रहता था।

# मुकेश अंबानी की रिलायंस कंज्यूमर ने तमिलनाडु की प्रसिद्ध मान्ना का किया अधिग्रहण

**मुंबई।**

मुकेश अंबानी की रिलायंस इडस्ट्रीज की सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट ने तमिलनाडु की प्रसिद्ध मान्ना का अधिग्रहण किया है। रिलायंस ग्रुप की तरफ से इसकी जानकारी मंगलवार को दी गई है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का पोर्टफोलियो मान्ना के अधिग्रहण के बाद फूड सेगमेंट में और मजबूत हो जाएगा। आरसीपीएल के सेगमेंट में धायम, इंडिपेंड और सिल शामिल है। बता दें आरसीपीएल की मौजूदगी मोटा आनाज आधारित हेल्थ फूड सेगमेंट में बढ़ा है।

बता दें पिछले दो दशक से हेल्ख फोक्सड प्रोडक्ट्स सेगमेंट में मान्ना एक अग्रणी उत्पादक बना हुआ है। रिलायंस इडस्ट्रीज ने कहा है कि मान्ना की तमिलनाडु सहित अन्य पड़ोसी राज्यों में काफी मजबूत स्थिति है। बता दें मान्ना का अधिग्रहण ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय ग्राहकों को रुझान मोटा अनाज आधारित भोजन की तरफ बढ़ा है। सरकार भी इसको खूब बढ़ावा दे रही है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के डायरेक्टर कहा कहना है कि तमिलनाडु में मान्ना एक हेल्थ फोकस्ड विश्वसनीय ब्रांड है। कंपनी मोटा आनाज आधारित प्रोडक्ट्स, बेवरेजेज और बेबी फूड्स बेचती है। कंपनी ओट्स, वुमेन्स हेल्थ ड्रींक, आटा प्रोडक्ट बेचती है। इसके अलावा बच्चों के लिए ड्रींक्स, सतुआ से बना ड्रींक जैसे प्रोडक्ट बेच रही है।

# तीन घंटे के अंदर हटाएं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कंटेंट, सरकार ने घटाई समयसीमा

**एआई का इस्तेमाल कर बनाई गई सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना होगा**

**नई दिल्ली।**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि आगामी 20 फरवरी से सोशल मीडिया और इंटरनेट मध्यवर्ती कंपनियों को दिक्कत देने वाली सामग्री को तीन घंटे के अंदर हटाना होगा। अब तक इसके लिए 36 घंटे का समय दिया जाता था। मध्यवर्तियों को अपने प्लेटफॉर्म से गैर सहमति वाली अंतरंग तस्वीरों को 24 घंटे के बजाय दो घंटे के अंदर हटाना होगा। मंत्रालय ने इन बदलावों को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधनों के रूप में शामिल किया है। यह बदलाव इसलिए किया गया क्योंकि मंत्रालय को ऐसे फीडबैक मिले थे कि संवेदनशील सामग्री को हटाने के लिए 24 घंटे और 36 घंटे की अवधि बहुत ज्यादा है जिसके चलते कंटेंट के प्रसार को रोक पाना मुश्किल होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनियों को अब आपत्तिजनक सामग्री को ज्यादा तेजी से हटाना होगा। मंत्रालय ने मंगलवार को अधिसूचित ताजा संशोधनों में कहा है कि जो प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को एआई का इस्तेमाल करके सामग्री बनाने की इजाजत देते हैं उन्हें ऐसी सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना होगा कि यह सामग्री कृत्रिम ढंग से तैयार की गई है। ऐसी सामग्री को स्थायी मेटाडेटा या अन्य पहचान के माध्यमों से जोड़ना होगा ताकि ऐसी सामग्री के मूल स्रोत का पता लगाया जा सके। मंत्रालय ने कहा है कि यह कोई भी ऑडियो, दृश्य या ऑडियो-विजुअल जानकारी हो सकती है, जिसे कंप्यूटर संसाधन का उपयोग करके कृत्रिम या एल्गोरिदम से बनाया, उत्पन्न, संशोधित या परिवर्तित किया गया हो, इस प्रकार कि वह वास्तविक, प्रामाणिक या सत्य प्रतीत हो। मंत्रालय ने एआई का इस्तेमाल करके 'सद्भावना' में की गई सामग्री संपादन को इसकी परिभाषा से बाहर रखा है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 23पैसे की गिरावट के साथ ही 90.71 रुपये पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति के बाद से मुद्रा बाजार में उत्साह की बजाय सतर्कता का माहौल बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.63 पर खुला। फिर और टूटकर 90.77 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को उतार-चढ़ाव भरा कारोबार करते हुए अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.66 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 97.79 पर रहा।

## अब ज्यादा भारतीय कृषि उत्पाद होंगे निर्यात, अमेरिकी बाजार में बिना शुल्क मिलेगा प्रवेश



**नई दिल्ली।** अब भारत अपने कृषि उत्पादों का अमेरिका में ज्यादा निर्यात कर सकेगा। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि निर्यात को बढ़ाने में अमेरिका के साथ कृषि व्यापार के मौजूदा अधिशेष से मदद मिलेगी। भारत का वर्ष 2024 में समुद्री उत्पादों को हटाकर कृषि निर्यात 3.4 अरब डॉलर रहा जबकि आयात 2.1 अरब डॉलर था। भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के तहत भारत को करीब 46 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात बाजार में बिना शुल्क के प्रवेश मिला है। शुल्क-मुक्त उत्पाद का पहले से ही भारत से अमेरिका के आयात में करीब 1.4 अरब डॉलर का हिस्सा हैं। इनमें मसाले, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, फल, चाय, कॉफी और जरुरी तेल हैं। भारत को 160 अरब डॉलर के आयात बाजार के लिए 18 फीसदी पारस्परिक शुल्क पर वरीयता पहुंच भी मिलेगी, जो निकट भविष्य में निर्यात की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र को करीब 25 अरब डॉलर के अमेरिकी आयात बाजार खंड में 18 फीसदी की शुल्क दर पर पहुंच प्राप्त होती है जो विस्तार के लिए अहम अवसर प्रदान करती है।

## कंपनियों द्वारा आईपीओ, क्यूआईपी और राइट्स इश्यू से जुटाई पर सेबी रखेगी नजर

**जानकारी छुपाने, बेजा इस्तेमाल पर उठी चिंताओं पर सख्त नियम बनाने पर विचार**

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) आईपीओ, पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए कंपनियों द्वारा जुटाई गई रकम पर निगरानी से जुड़े नियम सख्त बनाने पर विचार कर रहा है। इन माध्यमों से जुटाई गई रकम के इस्तेमाल में देरी, इनकी जानकारी छुपाने और इनके बेजा इस्तेमाल को लेकर उठी चिंताओं के बीच सेबी यह कदम उठाने पर विचार कर रही है। इस मामले से जुड़े लोगों ने इसकी जानकारी दी। फिलहाल जुटाई गई रकम 100 करोड़ रुपए से ज्यादा होने पर कंपनियों को सेबी के पास पंजीकृत एक निगरानी एजेंसी की सेवाएं लेनी पड़ती है। यह आम तौर पर क्रेडिट रेटिंग एजेंसी होती हैं। सेबी अब यह सीमा घटाकर 50 करोड़ रुपए करने या पूरी तरह हटाने पर विचार कर रहा है। इस कदम से सेबी का निगरानी का दायरा बढ़ जाएगा खासकर छोटे निर्गम भी इसकी जद में आ जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि इस मुद्दे पर सेबी की प्राथमिक बाजार सलाहकार समिति की पिछली महीने हुई बैठक में चर्चा हुई थी। सेबी को इस मामले पर उसकी प्रतिक्रिया जानने के लिए भेजे गए ई-मेल का समाचार लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया था। यही नहीं, नियामक निगरानी रिपोर्टों से जुड़े खुलासा ढांचे में भी बदलाव करने पर विचार कर रहा है। मौजूदा ढांचे के तहत निगरानी एजेंसियां अपनी त्रैमासिक रिपोर्ट कंपनी को देती हैं। इसके बाद कंपनियों को यह रिपोर्ट तिमाही समाप्त होने के 45 दिनों के अंदर स्टॉक एक्सचेंजों को सौंपनी होती है। यह पूरा सिलसिला अक्सर बीच में ही अटक जाता है क्योंकि कंपनियां रिपोर्ट सौंपने में देरी करती हैं या इनकी जानकारी नहीं दे पाती हैं। इससे निवेशकों को धन के इस्तोमल पर सीमित जानकारी ही हासिल हो पाती है।

# शेयर बाजार सपाट बंद हुआ

**सेंसेक्स 40 अंक गिरा, निफ्टी 18 अंक उछला**

**मुम्बई।**



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को सपाट बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार में मिला-जुला कारोबार देखा गया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएससई सेंसेक्स ने एक तय दायरे में कामकाज किया और अंत में यह 40.28 अंक नीचे आकर 84,233.64 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 18.70 अंक की हल्की बढ़त लेकर 25,953.85 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार घरेलू शेयर बाजार की नजर तिमाही परिणामों पर लगी है। इसलिए सीमित दायरे में कामकाज हुआ। आज ऑटो और हेल्थ सेक्टर में तेजी रही जबकि आईटी में गिरावट रही। दुनिया भर में बिकवाली के माहौल से भी बाजार पर दबाव पड़ा। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में गिरावट रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा 2.46 फीसदी टूटू। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाइटन और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी गिरे। दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर उछले। मारुति सुजुकी और ट्रेंट के शेयर भी आज बढ़े।

ब्रोडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में बढ़त रही। सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी हेल्थकेयर सेक्टर में सबसे अधिक 1.62 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद निफ्टी ऑटो में 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि निफ्टी आईटी सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाला सेक्टर रहा। इसमें 1.76 फीसदीत की गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 84,339 अंक पर खुला। सुबह खुलने के बाद इसमें में तेजी देखने को मिली। सुबह ये की बढ़त के साथ 84,413.21 पर कारोबार कर रहा था।

वहीं इसी तरह निफ्टी सुबह ये 55.75 अंक की फीसदी की बढ़त के साथ ही 25,990.90 पर कामकाज कर रहा था।

वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सुबह तेजी रही। जापान का निक्केई इंडेक्स बढ़त के साथ उछला। वहीं ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के बाजारों में भी बढ़त देखी गई। एशियाई बाजारों की यह बढ़त ऐसे समय में दिखी जब मेरिकी बाजारों में मिश्रित रुख रहा।

अमेरिकी बाजारों में गत दिवस एसएंडपी 500 और नैस्डैक नीचे आया जबकि डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज लगातार तीसरे दिन उछाल के साथ बंद हुआ। अब निवेशकों की नजर अमेरिका के आने वाले लेबर मार्केट डेटा पर टिकी हुई है।

घरेलू बाजार में आज का दिन तिमाही परिणामों के लिए अहम है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, डिवीज लैब्स, अशोक लेलैंड, मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज, पतंजलि फूड्स, एसजेवीएन, एस्ट्राजेनेका फार्मा, किर्लोस्कर ऑयल इंजन, टीबीओ टेक, बायर क्रॉपसाइंस, अमारा राजा एनर्जी, अवंती फीड्स, आईआरकॉन, जुपिटर वैगन्स, पीएंडजी हेल्थ, मिसेज़ बेक्टर्स फूड्स सहित कई कंपनियां आज अपने तीसरी तिमाही के परिणाम घोषित करेंगी।

## हॉस्पिटल कंपनी का शेयर 33 फीसदी रिटर्न देगा! अच्छे वैल्यूएशन पर ट्रेड कर रहे शेयर



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार को सपाट शुरुआत के साथ खुले। इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज और ऑटो स्टॉक्स में बढ़त से बाजार को सपोर्ट मिल रहा है जबकि रियल्टी और सरकारी बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से बाजार में दबाव पड़ा है। इससे पहले मंगलवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था। बाजार में ब्रोकरेज हॉउस सिटी ने हॉस्पिटल चलाने वाली कंपनी अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड पर दमदार आउटलुक दिया है। ब्रोकरेज का मानना है कि कंपनी के शेयर फिलहाल अच्छे वैल्यूएशन पर ट्रेड कर रहे हैं। ब्रोकरेज हॉउस सिटी ने अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज पर 'बाय' रेटिंग दी हैं। ब्रोकरेज ने स्टॉक पर 9,600 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है। इस तरह शेयर 33 फीसदी का रिटर्न दे सकता है। कंपनी के शेयर मंगलवार को 7,220 रुपए पर बंद हुए। ब्रोकरेज के मुताबिक कंपनी का कामकाज मजबूत रहा। तीसरी तिमाही में एबिट्डा से पहले की कमाई में क्रमशः 17 फीसदी और 27 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी हुई। आय 6,500 करोड़ रुपए और कमाई 970 करोड़ रुपए रही। ब्रोकरेज ने बताया कि बढ़ोतरी की अगुवाई अस्पताल कारोबार ने की, जहां आय में 15 फीसदी सालाना वृद्धि दर्ज हुई। यह बढ़ोतरी तब हुई जब नई अस्पताल सुविधाएं भी जोड़ी गईं हैं। अस्पताल कारोबार का मार्जिन 60 आधार अंक बढ़कर 24.5 फीसदी हो गया। प्रदर्शन को अपोलो हेल्थको से भी सहारा मिला, जहां अपोलो 24 घंटों के खर्चों में 12 फीसदी सालाना कमी से मार्जिन में 210 आधार अंकों का सुधार हुआ। सिटी ने कहा कि शेयर का वैल्यूएशन अभी भी आकर्षक है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह अपने पुराने औसत स्तर से नीचे कारोबार कर रहा है। अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयर एक महीने में करीब 5 फीसदी चढ़ गए हैं। तीन और छह महीने में कंपनी का प्रदर्शन करीब सपाट रहा है। एक साल में स्टॉक ने 20 फीसदी, दो साल में 18 फीसदी और तीन साल में 72.01 फीसदी रिटर्न दिया है। स्टॉक का 52 वीक का हाई 8,099 रुपए और 52 वीक लो 6,002.15 रुपये है। बीएसई पर कंपनी का मार्केट कैप 1,08,899 करोड़ रुपए है।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील से फार्मा सेक्टर होगा मजबूत, दोनों देशों को मिलेगा फायदा

**सस्ती दवा निर्माण की वजह से अमेरिकी बाजार में अहम सप्लायर बना भारत**

**नई दिल्ली।**



भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर जहां कई सेक्टरों में अनिश्चितता है, वहीं फार्मा सेक्टर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहा है। कम लेबर कॉस्ट और सस्ती दवा निर्माण क्षमता की वजह से भारत अमेरिकी बाजार के लिए एक अहम सप्लायर बना हुआ है। ऐसे में अमेरिका की भारत पर निर्भरता पहले से ही मजबूत रही है, जो इस ट्रेड डील के बाद और बढ़ने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जोटा हेल्थकेयर के चेयरमैन ने कहा कि अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा एफडीए-अप्रूव्ड प्लांट भारत में हैं। भारत से बड़ी मात्रा में जेनरिक दवाएं, लाइफ सेविंग और क्रॉनिक बीमारियों की दवाएं अमेरिका को निर्यात की जाती हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के तहत भारत को एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मिली है, क्योंकि अब तक टैरिफ के मामलों में अमेरिका शायद ही कभी झुका हो, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रोटोकॉल के जरिए संतुलित और लाभकारी समझौता संभव हुआ है। इस डील से दोनों देशों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि भारत से अमेरिका को मुख्य रूप से लाइफस्टाइल और क्रॉनिक बीमारियों से जुड़ी दवाओं का निर्यात होता है। इनमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायराइड जैसी बीमारियों की दवाएं हैं, जिनकी मांग अमेरिकी बाजार में लगातार रहती है। उन्होंने आगे कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हुई ट्रेड डील से भी भारत को बड़ा फायदा होगा। इस समझौते के तहत एक्सपोर्ट पर ड्यूटी शून्य कर दी गई है। इससे न सिर्फ दवाओं का निर्यात बढ़ेगा, बल्कि टेक्नोलॉजी और व्यापार का ट्रांसफर भी भारत में होगा। इसके परिणामस्वरूप भारत में दवा निर्माण और सस्ता होगा, जिससे भारतीय मरीजों को भी कम कीमत पर दवाएं मिलेंगी। इस तरह, भारत-यूएस ट्रेड डील और यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों से भारतीय फार्मा सेक्टर की वैश्विक पकड़ और मजबूत होने की संभावना है।


## नई 7-सीटर निसान ग्रेविटी 17 को लांच करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारतीय कार बाजार में 7-सीटर कारों की भारी डिमांड को देखते हुए निसान ग्रेविटी को कंपनी 17 फरवरी को लॉन्च करने वाली है। यह निसान की पहली 7-सीटर एमपीवी होगी और भारतीय बाजार में कंपनी की नई रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है। निसान ग्रेविटे रेनो ट्राइबर के सीएमएफ-ए प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिससे इसकी कीमत काफी प्रतिस्पर्धी रहने की उम्मीद है। ट्राइबर की शुरुआती कीमत 5.76 लाख रुपये है, और ग्रेविटे भी इसी रेंज में लॉन्च हो सकती है। डिजाइन और रंगों की बात करें तो इसे सिग्नेचर टील शेड के साथ व्हाइट, सिल्वर, ब्लैक और ग्रे विकल्पों में पेश किया जाएगा। पहले जारी किए गए डिजाइन स्केच बताते हैं कि इसमें फ्रंट पर हॉरिजॉन्टल एलईडी डीआरएलएस, क्रोम स्लैट ग्रिल और बोनट पर 'ग्रेविटी' लेटरिंग होगी। पीछे की तरफ स्प्लिट टेल-लैंप और टेलगेट पर हॉरिजॉन्टल इंसर्ट के साथ एक आकर्षक रियर प्रोफाइल मिलेगा। ग्रेविटे में ट्राइबर की तरह 1.0-लीटर पेट्रोल इंजन दिया जाएगा, जिसमें मैनुअल और एएमटी दोनों ट्रांसमिशन विकल्प मिलने की संभावना है। निसान ने इसे अपने सिबलिंग ट्राइबर से अधिक बोल्ड और मॉडर्न लुक देने के लिए खास एक्सटीरियर डिजाइन एलिमेंट शामिल किए हैं। उल्टे एल-शेप डीआरएलएस, चौड़ी फ्रंट ग्रिल, सिल्वर बंपर इंसर्ट और कनेक्टेड टेल-लैंप डिजाइन इसे एक प्रीमियम अपील देते हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 12 फरवरी 2026
Www.vishalindia.in



# 'भागम भाग 2' में हुई मनोज बाजपेयी की एंट्री! गोविंदा को करेंगे रिप्लेस?

बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

## गोविंदा की जगह लेंगे मनोज



एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है। मनोज बाजपेयी फिल्म में गोविंदा की जगह लेंगे। यह खबर हाल ही में सामने आई है। 'भागम भाग' में गोविंदा के किरदार को काफी पसंद किया गया था। उनकी कॉमिक टाइमिंग वैसे भी काफी पसंद की जाती है। ऐसे में अब गोविंदा की जगह मनोज बाजपेयी को लेना, कितना कारगर रहेगा ये तो फिल्म रिलीज के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल अभी तक मेकर्स की ओर से 'भागम भाग 2' की कास्ट को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## राज शांडिल्य करेंगे निर्देशन

फिल्म को लेकर अभी तक आ रहीं खबरों के मुताबिक, सीक्वल का निर्देशन राज शांडिल्य करेंगे और इसकी कहानी भी पहचान को लेकर होने वाली गलतफहमी पर आधारित होगी। जबकि 'भागम भाग' का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। फिल्म में मीनाक्षी चौधरी अक्षय कुमार के साथ मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आएंगी। जबकि मनोज बाजपेयी के अपोजिट नजर आने वाली हीरोइन की तलाश अभी जारी है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म की शूटिंग अगले महीने से मुंबई में शुरू होने की खबरें हैं।



# अनुभव सिन्हा की इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी तापसी

तापसी पन्नू निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है—और इसकी शुरुआत आज जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई। फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के





कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोजाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है। तापसी पन्नू के साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद ज़ीशान अय्यूब भी अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा पाहवा की विशेष प्रस्तुतियाँ फिल्म की रोमांचक गहराई को और बढ़ाती हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत अस्सी , बेनारस मीडिया वर्क्स के बैनर तले बनी है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है और निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने किया है। अस्सी 20 फरवरी 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज़ होगी।




# सई मांजरेकर ने साझा किया 'द इंडिया हाउस' का अनुभव

भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्मों में काम करना जितना रोमांचक होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। इस कड़ी में अभिनेत्री सई मांजरेकर इन दिनों अपनी आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'द इंडिया हाउस' को लेकर काफी बिजी हैं। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में एक साथ शूट की जा रही है। सई का कहना है कि इस तरह की फिल्म में काम करने के लिए कलाकार को हर समय भावनात्मक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। सई मांजरेकर ने कहा, ''द इंडिया हाउस' मेरे लिए अब तक का अलग अनुभव रहा है। जब एक ही सीन को दो भाषाओं में शूट किया जाता है, तो कलाकार को भाषा की लय, भाव और भावनात्मक गहराई को बारीकी के साथ समझना पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि एक ही सीन पहले एक भाषा में और तुरंत बाद दूसरी भाषा में करना होता है, जिससे कलाकार को हर पल सतर्क रहना पड़ता है।' उन्होंने कहा, ''इस तरह की फिल्मों में अभिनय का तरीका भी थोड़ा बदल जाता है। यहां सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से कहानी को आगे बढ़ाना होता है। हर भाषा की अपनी एक संवेदना होती है और उसी के अनुसार किरदार की भावनाएं भी बदलती हैं। ऐसे में कलाकार को अपने अभिनय को बार-बार ढालना पड़ता है, ताकि किरदार हर भाषा में उतना ही सच्चा लगे।'' सई ने कहा, ''मेरी पिछली फिल्म 'मेजर' की शूटिंग का अनुभव इस फिल्म में काफी काम आया। उस फिल्म से मुझे यह समझने में मदद मिली कि द्विभाषी फिल्मों की शूटिंग कैसे होती है और कलाकार को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। हालांकि हर प्रोजेक्ट की अपनी अलग पहचान और चुनौतियां होती हैं। 'द इंडिया हाउस' की कहानी और उसका ऐतिहासिक संदर्भ इसे बाकी फिल्मों से अलग बनाता है।'' 'द इंडिया हाउस' फिल्म में सई मांजरेकर 'सती' नाम की महिला का किरदार निभा रही है। इस पर सई ने कहा, ''सती का किरदार निभाने के लिए मुझे उस समय के माहौल, सोच और भावनाओं को गहराई से समझना पड़ा। सती बाहर से शांत दिखाई देती है, लेकिन उसके भीतर साहस, दर्द और संघर्ष छिपा है। इन भावनाओं को बिना ज्यादा शब्दों के दर्शकों तक पहुंचाना मेरे लिए एक बड़ी जिम्मेदारी हैं।'' पैन-इंडिया फिल्मों की खास बात बताते हुए सई ने कहा, ''ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करने का सबसे अच्छा पहलू टीमवर्क होता है। सेट पर अलग-अलग राज्यों और भाषाओं से आए कलाकार और तकनीशियन एक साथ काम करते हैं। सबका लक्ष्य कहानी को ईमानदारी से पर्दे पर उतारना होता है। यह सामूहिक भावना कलाकार को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।'' सई ने अपने सह-कलाकार निखिल सिद्धार्थ, निर्देशक वामसी और पूरी टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ''सेट पर काम करने का माहौल बेहद सकारात्मक और कहानी पर केंद्रित रहता है। जब निर्देशक और पूरी टीम कहानी को लेकर गंभीर होती है, तो कलाकार भी अपने किरदार में और गहराई से उतर पाता है।''

# आदित्य के साथ हॉरर थ्रिलर बनाएंगे करण जौहर




धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले करण जौहर एक नई हॉरर थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह फिल्म पूरी तरह प्योर हॉरर जॉनर की होगी और इस वक्त कास्टिंग स्टेज में है। इससे पहले करण, कार्तिक आर्यन के साथ क्रिएचर कॉमेडी 'नागजिला' और एक क्रिएचर थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि इस हॉरर थ्रिलर में आदित्य रॉय कपूर को लीड रोल के लिए लॉक कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, आदित्य ने स्क्रिप्ट पढ़ते ही प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी। यह एक यूनिक कॉन्सेप्ट पर आधारित फिल्म है और धर्मा प्रोडक्शंस को इसके थिएट्रिकल पोटेंशियल पर पूरा भरोसा है। इस फिल्म की शूटिंग मई 2026 से शुरू होने की तैयारी है। एक टॉप टियर फीमेल लीड को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है।



# ऋतिक की 'कृष 4' में फाइनल चोपड़ा की एंट्री हुईं प्रियंका

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनस बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार... 'प्रियंका को ऋतिक रोशन की सुपरहिट फिल्म 'कृष 4' में फीमेल लीड के रूप में फाइनल कर लिया गया है। प्रियंका ने इस फ्रेंचाइज की पिछली दो फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई थी, इसके बाद उन्होंने हॉलीवुड की ओर फोकस किया और अपने पर्सनल लाइफ, खासकर शादी में बिजी हो गई थीं। फिल्म 'वाराणसी' का शूट पूरा करने के बाद प्रियंका 'कृष 4' की शूटिंग शुरू करेंगी। हालांकि अभी मेकर्स या प्रियंका की तरफ़ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। 'कृष 4' को ऋतिक 700 करोड़ रुपए के बजट पर बनाना चाहते हैं। इस फिल्म को डायरेक्ट भी खुद ऋतिक करेंगे। बता दें कि 2003 में राकेश के निर्देशन में साइंस फिक्शन फिल्म 'कोई.... मिल गया' रिलीज हुई। इस फिल्म ने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया। 'कोई मिल गया' के बाद आई 'कृष', यह भी सुपरहिट रही। फिर राकेश रोशन ने 'कृष 3' के लिए लंबा इंतजार करवाया। 2006 में 'कृष' की सफलता के बाद 'कृष 3' 2013 में आई। इसमें विवेक ओबेरॉय विलेन बने थे। इस फिल्म के अलावा प्रियंका इन दिनों अपनी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ महेश बाबू लीड रोल में दिखाई देंगे। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी।





# सुनील शेट्टी ने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर बात की

अहान शेट्टी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अब अहान शेट्टी की फिल्म 'सनकी' के बंद होने की चर्चाएं एक बार फिर से उठी हैं। दरअसल, इस फिल्म के बंद होने की वजह अहान शेट्टी के सपोर्टिंग स्टाफ पर आने वाले अधिक खर्च को बताया गया था। कई रिपोर्ट्स में ऐसा कहा गया था कि अहान शेट्टी के सहयोगी स्टाफ पर अधिक खर्च आने के कारण मेकर्स ने 'सनकी' फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब इन चर्चाओं पर अहान के पिता व अभिनेता सुनील शेट्टी ने प्रतिक्रिया दी है।

## प्रोड्यूसर ने फैलाई अफवाहें

2021 में अहान की डेब्यू फिल्म 'तड़प' के रिलीज होने के बाद उनकी अगली फिल्म 'सनकी' को अचानक रोक दिया गया। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यह फैसला अहान के साथ आए लोगों के कारण कथित तौर पर हुए खर्चों से बढ़ी चिंताओं के बाद लिया गया है। अब लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में अभिनेता सुनील शेट्टी ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने बेटे अहान के प्रोफेशनलिज्म को लेकर भी बात की। सुनील शेट्टी ने कहा कि अहान ने कभी भी अपने साथ आए लोगों को हद से ज्यादा नहीं रखा। ये सब अफवाहें हैं। ये अफवाहें निर्माता की सुविधा के लिए फैलाई गई हैं। अगर निर्माता कहता है कि वह बिल दिखा सकता है, तो मैं देखूंगा। ऐसे में पिता को दखल देना पड़ता है और मैं साफ तौर पर दखल दूंगा। अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए झूठ मत फैलाओ, क्योंकि यह अहान के साथ नाइंसाफी है।


## अहान खुद उठाते हैं अपने स्टाफ का खर्च

सुनील शेट्टी ने आगे कहा कि अहान अपने साथ आने वाले लोगों को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। अगर वे उनके साथ आते हैं, तो उनका खर्च वही उठाते हैं। उन्हें इस बात का पूरा एहसास है। जब सुनील शेट्टी घर से खाना-पानी लाते हैं, तो मेरे स्टाफ को कहा गया है कि अगर आप यूनिट का खाना खा रहे हैं, तो ठीक है, लेकिन अगर आप बाहर से खाना मंगवाना चाहते हैं, तो बिल मेरे नाम से बनवाएं, निर्माता के नाम से नहीं। मेरा स्टाफ ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर सकता, इसलिए अहान का स्टाफ तो ऐसा बिल्कुल नहीं करेगा। अहान तो अभी-अभी इंडस्ट्री में आए हैं। यह उनका इंडस्ट्री में जमने का समय है, इसलिए कोई नखरे नहीं चलेंगे। ऐसा हो ही नहीं सकता।

## कई रिपोर्ट्स में इन कारणों का भी किया गया जिक्र

कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि साजिद नाडियाडवाला ने शुरू में 'सनकी' को आगे बढ़ाया था और प्राइम वीडियो के साथ एक बड़ा डिजिटल सौदा भी किया था। हालांकि, इस सबके बावजूद सैटेलाइट और डिजिटल राइट्स से कम कमाई के कारण प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। इसके साथ ही कथित तौर पर अहान के सपोर्ट स्टाफ का अत्यधिक खर्च भी इसका कारण बना। लेकिन अब सुनील शेट्टी ने अहान के सपोर्ट स्टाफ के खर्च की बात को झूठा करार दिया है।

अहान शेट्टी ने साल 2021 में आई एक्शन-रोमांटिक फिल्म 'तड़प' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बाद लगभग चार साल से अधिक समय तक वो बड़े पर्दे से दूर रहे। अब इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई 'बॉर्डर 2' अहान की दूसरी फिल्म है। फिल्म में उन्होंने नेवी ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं अहान के काम को भी पसंद किया गया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in